आज का मौसम | 50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | मूल्य 2/- | यह मुजफ्फरनगर है।

सूर्योदय 6:06 सूर्यास्त 6:17

तापमान
अधिकतम 33.6
न्यूनतम 24.8

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

वर्ष-50 | अंक-261 | बुधवार 21 सितम्बर, 2022 | आश्विन, कृष्ण पक्ष, एकादशी, सम्वत् 2079 | पृष्ठ-4

केजरीवाल जनता के बीच जाने लायक नहीं रहेंगे : गौरव भाटिया



तो क्या हुआ.... भगवंत मान के साथ गम गलत कर लिया करेंगे.....

# अग्निवीर : करीब 5% युवाओं ने पार की पहली बाधा

**1** करीब एक हजार युवा कद कम होने के कारण मैदान तक भी नहीं पहुंचे

**2** दौड़ में भी 83 सौ युवाओं के लिए बाधाओं को पार करने की बड़ी थी चुनौती

**3** प्रतिभागियों ने कहा 'मैदान गीला होने के कारण भी दौड़ में आ रही बाधा'

मुजफ्फरनगर, 20 सितंबर (बु.)। अग्निवीर भर्ती के पहले दिन युवाओं का उत्साह सिर चढ़कर बोला, वहीं उन युवाओं को निराशा का सामना करना पड़ा जो सख्त नियमों के चलते या तो दौड़ के मैदान तक ही नहीं पहुंच पाये या फिर मैदान पर पहुंच कर भी दमखम के मामले में पिछड़ गए। ऐसे युवा दौड़ के लिए की गई व्यवस्था को भी दोष देते नजर आए। पहले दिन दौड़ में गौतमबुद्ध नगर, जेवर और दादरी के कुल 8300 युवाओं को दौड़ के लिए प्रवेश मिला। सुबह चार बजे शुरू होकर यह दौड़ करीब साढ़े ग्यारह बजे तक चली। इसमें चुने गए युवाओं को आगे स्वास्थ्य परीक्षण के लिए बुलाया जाएगा। अन्य के लिए आज ही भर्ती की दौड़ खत्म हो गई। बताया जा रहा है कि भर्ती के लिए आए कुल युवाओं में से करीब पंद्रह प्रतिशत ही पहली बाधा पार कर पाए।

अग्निवीर भर्ती के लिए आए युवाओं के लिए पहला दिन खासे खट्टे मीठे अनुभवों वाला रहा। बीती रात से ही कतार में लगे युवाओं को उनके कागजों की जांच के बाद पहली बाधा से गुजरना पड़ा। पहली बाधा थी कद की। इसके लिए 170 सेमी की सीमा निर्धारित की गई थी। ऐसे में दौड़ के लिए स्टेडियम में प्रवेश से पहले कद की नपाई में ही एक हजार से अधिक युवाओं को बाहर हो जाना पड़ा। ऐसे में यह युवा इस बात को लेकर चर्चा करते दिखाई दिए कि ऊंचाई की इस बाध्यता को लेकर उन्हें पहले जानकारी नहीं थी। ऐसे युवाओं को तमाम मेहनत के बावजूद निराश होना पड़ा। इसके बाद से दूसरी परीक्षा थी दौड़ में अपना दमखम साबित करने की। इसके लिए चुने गए 8300 युवाओं की करीब तीन-तीन सौ की टोलियां बनाई गई थीं। इसमें उन्हें एक साथ दौड़ना था। जाहिर है कि इतनी संख्या में जो पिछड़ गया उसे आगे निकलने का मौका ही नहीं मिला। मैदान के चार चक्कर इस दौड़ में लगाने थे। इस तरह पहले चक्कर में काफी पीछे रह गए युवाओं को सेना के अधिकारियों ने पहले चक्कर में ही रोक दिया। इसके बाद जो बाकी युवा दौड़ में शामिल हुए उनमें भी प्रत्येक टोली में सबसे आगे रहे दस से पंद्रह युवा ही भर्ती के पैमाने पर खरे माने गए। इनके पीछे रहे युवाओं को रस्सा खींच कर आगे बढ़ने का मौका नहीं दिया गया। ऐसे में सेना की ओर से हालांकि भर्ती के लिए चयनित युवाओं के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। दौड़ के बाद बाहर निकले युवाओं ने इस बारे में जानकारी दी। इनमें कुछ युवाओं का कहना था कि इतनी बड़ी संख्या में युवाओं को एक साथ दौड़ाने का मतलब ही यह होता है कि जो आगे होता है, उसे पछाड़ना आसान नहीं होता।

शेष : पृष्ठ ४ पर



अग्निवीर भर्ती में प्रतिभाग करने के लिए नगर के रेलवे स्टेशन पर उमड़ी अभ्यर्थियों की भीड़। फोटो बुलेटिन

## अग्निवीर सेना भर्ती में ड्यूटी से गैरहाजिर रहे चार अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

### सेना भर्ती लापरवाही पर होगी कड़ी कार्यवाही: जिलाधिकारी

मुजफ्फरनगर, 20 सितम्बर (बु.)। जनपद में अग्निवीर सेना भर्ती को निर्विघ्न संपन्न कराने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच ड्यूटी के प्रति लापरवाह अफसरों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए डीएम ने सख्ती के संकेत दिए हैं। मंगलवार को ऐसे में अग्निवीर सेना भर्ती व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम चन्द्रभूषण सिंह ने ड्यूटी से गैर हाजिर मिले इन 4 अफसरों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। व्यवस्थाओं को दुरूस्त करते हुए प्रशासन ने सेना भर्ती को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु अधिकारियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई है, ताकि किसी तरह की परेशानी सामने न आ सके। ऐसे हालातों में नगर क्षेत्र में की गई व्यवस्थाओं में हुई कोताही पर उन्होंने ड्यूटी पर पूर्व में लगाये गये अधिकारियों की उनके ड्यूटी पाइंट चैक करने के लिए कॉल की, तो उनके द्वारा मोबाईल नंबर स्विच ऑफ पाया गया। ऐसे तमाम अधिकारियों को डीएम ने चिन्हित करने के बाद गैरहाजिर होने पर स्पष्टीकरण मांगा है।

वेस्ट यूपी में मुजफ्फरनगर जिले में करीब 4 वर्षो के लंबे इंतजार के बाद मंगलवार से शुरू हुई मोदी सरकार की सेना भर्ती रैली में युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। सोमवार देर रात्रि शुरू हुई सेना भर्ती प्रक्रिया के बीच प्रशासन की ओर से बाहरी क्षेत्र की निगरानी में लगे अफसरों की बड़ी लापरवाही डीएम के जांच रडार पर उजागर हुई है। इस कड़ी में

शेष : पृष्ठ ४ पर

## रेलवे स्टेशन और रोडवेज बस स्टैंड पर रहा मारामारी का आलम

मुजफ्फरनगर, 20 सितंबर (बु.)। अग्निवीर भर्ती के लिए युवाओं के जुटने हापुड, धौलाना और गढ मुक्तेश्वर के युवाओं के पहुंचने के कारण रेलों और बसों में भारी मारामारी का आलम रहा। इसके चलते रेलवे स्टेशन तथा रोडवेज बस स्टैंड पर भारी भीड़ रही। आने वाले युवाओं के साथ लौटने वाले युवाओं में भी रेल और बसें पकड़ने के लिए मारा-मारी का आलम नजर आया। सेना भर्ती के लिए गत दिवस आठ हजार से अधिक युवा और उनके साथ आए लोग यहां पहुंचे थे। इसके बाद आज भी सुबह से युवाओं और उनके साथियों के आगमन का क्रम चला। ऐसे में आज कल आए युवाओं के लौटने का क्रम भी शुरू हो गया। इसके चलते आज दिन भर रोडवेज बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ रही। भीड़ के बीच जहां रेलगाडियों और बसों में चढ़ने वाले युवा जल्दबाजी में दिखे, वहीं इसके चलते धक्का मुक्की की स्थिति उत्पन्न होने के कारण उतरने वाले युवाओं को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा रहा। हालांकि किसी भी असामान्य स्थिति से निपटने के लिए रेलवे स्टेशन और रोडवेज बस स्टैंड समेत तमाम संवेदनशील स्थानों पर काफी सुरक्षा बंदोबस्त हैं, लेकिन युवाओं का उत्साह व्यवस्थाओं पर कई बार भारी भी पड़ता नजर आया। आज मेरठ की ओर से आने वाली तमाम रेलगाड़ियों में बड़ी तादाद में युवा यहां पहुंचे, वहीं काफी युवाओं ने रोडवेज बसों का सहारा लिया।

## सेना भर्ती को सकुशल सम्पन्न कराने को पुलिस मुस्तैद

### ➲एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय ने भर्ती स्थल का लगातार निरीक्षण कर मातहतों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

मुजफ्फरनगर, 20 सितम्बर (बु.)। सेना भर्ती को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये पुलिस पूरी तरह सतर्कता बरत रही है। पुलिस अधिकारी भी लगातार भ्रमण कर रहे हैं। भर्ती स्थल से लेकर शहर के मुख्य चौराहों और मार्गों पर पुलिस तैनात है। इसके अलावा रोडवेज बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। मंगलवार को सेना भर्ती का पहला दिन था। सेना भर्ती को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। जनपद को पांच जोन और नौ सेक्टर में विभाजित कर पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। एसएसपी विनीत जायसवाल ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान खुद संभाल रखी है। वह पल-पल की जानकारी लेते हुए मॉनीटिरिंग कर रहे हैं। मंगलवार को भर्ती स्थल से लेकर शहर के सरकुलर रोड, सूजडू चुंगी, महावीर चौक, मालवीय चौक, मीनाक्षी चौक समेत मुख्य चौराहों और मुख्य मार्गों पर पुलिस तैनात है। एसएसपी विनीत जायसवाल और एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय भर्ती स्थल का लगातार निरीक्षण कर मातहतों को निर्देश दे रहे हैं।



## बारिश को ध्यान में रखते हुए भर्ती स्थल का किया निरीक्षण

### ➲भर्ती क्षेत्र में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश

मुजफ्फरनगर, 20 सितम्बर (बु.)। जनपद में आयोजित की जा रही अग्निवीर सेना भर्ती को सकुशल संपन्न कराने में जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बीच डीएम चन्द भूषण सिंह ने अधीनस्थों के साथ सेना भर्ती में शामिल हो रहे युवाओं के रुकने के लिए वेदांता फार्म हाउस एवं भर्ती स्थल नुमाईश ग्राउण्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान जहां उन्होंने भर्ती रैली में शामिल होने आए युवाओं की हरसंभव मदद करने के अधीनस्थों को निर्देश दिए, वहीं मौसम में जारी बारिश की संभावनाओं के बीच ग्राउंड और आसपास की कालोनियों में विशेष सफाई अभियान जारी रखने के निर्देश दिए।

मंगलवार को डीएम चन्द्र भूषण सिंह अग्रिवीर सेना भर्ती रैली की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण करने मेरठ रोड वेदांता फार्म हाउस पहुॅचकर अभ्यर्थियों के रुकने की व्यवस्था एवं उनके लिए तैयार किये जा रहे भोजन-पानी की व्यवस्था का निरीक्षण किया। यहां केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान के आह्वान पर वेदांता फार्म हाउस परिसर में पूर्ति निरीक्षक व खाद्य सुरक्षा विभाग की देखरेख में प्रमुख उद्यमी व समाजसेवियों के माध्यम से भर्ती के दौरान भोजन की व्यवस्था करायी जा रही है। डीएम द्वारा खाद्य सुरक्षा के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वें भोजन की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। वेदांता फार्म हाउस के निरीक्षण के बाद डीएम सेना भर्ती स्थल नुमाईश ग्राउंड पहॅुचे, जहां उन्होंने क्षेत्र की साफ-सफाई के साथ हो रही बैरिकेटिंग इत्यादि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पालिका ईओ हेमराज सिंह को निर्देशित करते हुए कहा कि वर्तमान में मौसम खराब रहने के कारण कभी भी बारिश हो जा रही है जिससे भर्ती में अवरोध होने की पूर्ण सम्भावना है जिसके लिए नियमित रूप से टीम लगा कर उन्होंने क्षेत्र की साफ-सफाई रखने के साथ ही आसपास की कॉलोनी के निवासियों को भी किसी तरह की दिक्कत न हो, यह भी सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एडीएम वित्त अरविन्द कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट अनूप कुमार, ईओ पालिका हेमराज सिंह समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## रुड़की-देवबंद रेललाइन के निर्माण का रास्ता साफ

### 28 करोड़ रुपये किसानों के लिए मुआवजे को केंद्र ने रिलीज किए



देहरादून, 20 सितंबर (वार्ता)। देवबंद-रुड़की रेल लाइन के लिए अधिग्रहित हो रही जमीन के मुआवजे के लिए केंद्र सरकार ने 28.31 करोड़ रुपये मंजूर कर दिए। यह भूमि हरिद्वार के चार गांवों में ली गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्र भेजकर सीएम पुष्कर सिंह धामी को इसकी जानकारी दी। पिछले काफी समय से मुआवजे का मुददा अटका हुआ था। सीएम ने केंद्र सरकार से इसका जल्द से जल्द हल करने का अनुरोध किया था।

सीएम ने केंद्र सरकार का आभार जताया है। दूसरी तरफ सीएम ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को फोन कर रोडवेज की परिसंपत्तियों के बंटवारे के तहत बकाया 100 करोड़ रुपये जारी करने का धन्यवाद किया। इस राशि के भुगतान से दोनों राज्यों के बीच लंबे समय से जारी परिसंपत्ति विवाद का भी निपटारा हो गया है। देवबंद से रुड़की तक बनने वाली यह नई रेलवे लाइन 27.45 किलोमीटर लंबी है। हरिद्वार में यह रेललाइन करीब 11 किलोमीटर रहेगी। बाकी हिस्सा यूपी के सहारनपुर में आएगा। हरिद्वार में 11 गांवों के किसानों की 51 हैक्टेयर भूमि अधिग्रहित की गई है। इस लाइन के बनने से रुड़की से दिल्ली की दूरी करीब 33 किलोमीटर तक हो जाएगी। अभी दिल्ली जाने वाले रेल रुड़की से टपरी होते हुए जाती हैं। यह रेल लाइन के बनने से रेल रुड़की से सीधा देवबंद तक जाने लगेगी। इससे समय तो बचेगा ही, साथ ही किराया भी कम होगा।

## फांसी पर झूलता मिला होटलकर्मी का शव

मुजफ्फरनगर, 20 सितम्बर (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के खांजापुर बुढ़ाना मोड़ पर स्थित कांशीराम आवास निवासी होटल कर्मी का शव उसी के घर में फांसी पर झूलता हुआ मिला। परिजनों को सवेरे घटना का पता चला, तब परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के बुढ़ाना मोड़ खांजापुर निवासी श्रवण एक होटल पर कार्य करता था। सोमवार देर रात वह होटल से लौटकर घर आकर सो गया था। रात के समय उसने बराबर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह श्रवण की पत्नी ने आसपास के लोगों को बताया तो, उन्होंने दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला। श्रवण की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि आत्महत्या के कारण का पता किया जा रहा है।

## जूडो-कराटे ट्रेनिंग सेंटर्स में चलाए जा रहे हैं आतंकी प्रशिक्षण कैम्प

### ➲सोशल मीडिया के जरिए यूपी समेत कई राज्यो में फैला है जाल

नई दिल्ली, 20 सितंबर (वार्ता)। देश में आतंकी प्रशिक्षण देने के लिए जूडो-कराटे ट्रेनिंग सेंटर्स का सहारा लिया जा रहा है। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश समेत देश के अलग-अलग कुछ राज्यों में इसी तरीके के ट्रेनिंग सेंटरों में आतंकी प्रशिक्षण शिविरों का संचालन हो रहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय से जुड़ी जांच एजेंसियों के मुताबिक यह प्रशिक्षण शिविर सिर्फ आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में ही नहीं बल्कि नॉर्थ ईस्ट के कुछ राज्यों से लेकर दक्षिण में केरल समेत उत्तर भारत के राज्यों में भी आतंकियों के स्लीपर सेल के माध्यम से युवाओं को गुमराह कर आतंकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। केंद्रीय जांच एजेंसी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक यह पूरा आतंकी प्रशिक्षण शिविर युवाओं को बरगलाने और फिर उन्हें आतंकी प्रशिक्षण देकर देश में माहौल खराब करने के लिए तैयार किया जा रहा है। एनआईए ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में 32 से ज्यादा जूडो-कराटे ट्रेनिंग सेंटरों पर रविवार को छापेमारी की। सूत्रों के मुताबिक इस दौरान एनआईए ने चार संदिग्ध लोगों को हिरासत में भी लिया है। सूत्रों का कहना है कि हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ चल रही है। हालांकि खुफिया एजेंसियों से जुड़े सूत्रों का कहना है कि जिन लोगों को तेलंगाना पुलिस ने हिरासत में सबसे पहले लिया था, उनसे ही एनआईए की पूछताछ के दौरान इस तरह की जानकारी सामने आई कि जूडो-कराटे ट्रेनिंग के माध्यम से देश में आतंकी प्रशिक्षण शिविर का संचालन हो रहा है। उसी के आधार पर एनआईए ने सबसे पहले आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में मिली जानकारी के ट्रेनिंग सेंटरों पर छापेमारी की और लोगों को हिरासत में लिया। ऐसे शिविर उत्तर-पूर्व के कुछ राज्यों समेत केरल, तमिलनाडु, जम्मू कश्मीर, उत्तर प्रदेश, पंजाब और राजस्थान के भी इलाकों में ऐसे ही जूडो- कराटे ट्रेनिंग सेंटरों में आतंकी शिविरों के तार जोड़े जा रहे हैं। फिलहाल इन राज्यों के संदिग्ध जूडो-कराटे ट्रेनिंग सेंटर अब एनआईए के रडार पर आ गए हैं। जांच एजेंसी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि जिन लोगों को हिरासत में लिया गया है उनसे बहुत कुछ पता चलने वाला है। खासतौर से नए तरीके से तैयार होने वाले आतंकी शिविर और स्लीपर सेल के माध्यम से लोगों को बरगलाने की जो प्रक्रिया चल रही है वह भी खुलकर सामने आ रही है। केंद्रीय जांच एजेंसी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि आतंकी गतिविधियों में संलिप्त इन स्लीपर सेल से जुड़े लोगों की कार्यशैली बिल्कुल अलग है। सबसे पहले सोशल मीडिया के माध्यम से एक जाति विशेष से जुड़े लोगों को धार्मिक आधार पर जोड़ा जा रहा है। युवाओं को जोड़ने के लिए सोशल मीडिया के फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप जैसे माध्यमों का सहारा लिया जा रहा है। शुरुआती दौर में जो लोग इस माध्यम से आतंकी संगठनों के लोगों से संपर्क में आते हैं फिर उन्हें धर्म के आधार पर भड़काया जाता है।

## बेमौसम बारिश के कारण भी बढ़ रही भर्ती रैली में परेशानी

मुजफ्फरनगर, 20 सितम्बर (बु.)। अग्निवीर सेना भर्ती में दूर-दराज से आने वाले युवाओं के स्वागत को जनपद में चहुंओर प्रशासन की ओर से व्यवस्थाएं की गई है, ताकि इन युवाओं को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। तैयारियों के बीच पालिका प्रशासन ने जहां एक ओर भर्ती स्थल के बाहर मुख्य मार्ग पर स्वचालित सुलभ शौचालयों के माध्यम से युवाओं की सहायता की तैयारी की हुई है, वहीं दूसरी ओर नुमाइश ग्रांउड के आसपास के क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के साथ साफ-सफाई के लिए तमाम व्यवस्थाओं को धरातल पर उतारने की सार्थक पहल की है। हालांकि सेना भर्ती रैली में मौसम में जारी बदलाव को देखते हुए बारिश से बचाव को लेकर प्रशासन कोई सार्थक योजना बना पाने में विफल ही साबित हुआ है। मुजफ्फरनगर में स्टेडियम में करीब 4 वर्षो के लंबे इंतजार के बाद शुरू हुई सेना भर्ती को लेकर तमाम व्यवस्थाएं करने के लिए प्रशासन ने कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी है, लेकिन खेल मैदान में अग्निवीरों के दौड़ने से पूर्व बीते दो दिनों से जारी बारिश की रोकथाम के लिए कोई भी पुख्ता इंतजाम न हो पाने से खेल मैदान में बड़ी संख्या में युवा इस विपत्ति के कारण दौड़ने से पूर्व ही फिसल जाने से आहत होते दिखाई देते हैं, जो इन युवाओं के लिए प्रशासन की ओर से की गई व्यवस्थाओं में बड़ी खामी प्रकाश में आ रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से अधेड़ की मौत

मुजफ्फरनगर, 20 सितम्बर (बु.)। रुड़की रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया था, जहां से उसे रेफर कर दिया गया था, हायर सेंटर ले जाते समय घायल की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि छपार थाना क्षेत्र के गांव मेघपुर निवासी 60 वर्षीय बीजा पुत्र धर्म सिंह आज शाम बाइक पर सवार होकर मुजफ्फरनगर की ओर आ रहा था। रुड़की रोड पर अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। हायर सेंटर ले जाते समय उसकी मौत हो गई। परिजन शव को लेकर वापस जिला अस्पताल आये, जिला अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## मदरसों के सर्वे में 7 मदरसे मिले गैर मान्यता प्राप्त

### ➲तीन मदरसों में लटके मिले ताले, सर्वे अभियान रहेगा जारी

मुजफ्फरनगर, 20 सितम्बर (बु.)। शासन के निर्देशों के बीच प्रदेशभर के साथ जनपद मुजफ्फरनगर में मदरसों का सर्वे बड़ी गंभीरता के साथ किया जा रहा है। अभियान की इस कड़ी में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मैत्री रस्तोगी ने शासन के निर्देशों के बीच विभागीय टीम के साथ मंगलवार को शहरी क्षेत्र के चार मौहल्लों में स्थित मदरसों का सर्वे किया। इस बीच मौके पर पहुंची टीम को सर्वे के दौरान तीन मौहल्लों में सात मदरसे गैर मान्यता प्राप्त पाए गए। वहीं इस दौरान मौहल्ला खादरवाला में पहुंची सर्वे टीम के 3 मदरसे बंद मिले है। टीम यहां से बिना किसी तरह की जांच पड़ताल के ही वापस लौट आयी।

योगी सरकार की पहल पर प्रदेश में मदरसों के सर्वे में मिले गडबड़झाले के बीच निरीक्षण के दौरान गैर मान्यता प्राप्त ही मदरसों के संचालन किए जाने का खुलासा हुआ है। सर्वे के बीच मिले आंकड़ों ने सरकार को एक बार फिर से सोचने के लिए विवश कर दिया है। इस कड़ी में शासन से मिले निर्देशों के बीच अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मैत्री रस्तोगी के द्वारा मंगलवार को भी जनपद में स्थित मदरसों का सर्वे किया जा रहा है। सर्वे टीम को जनपद में संचालित इन मदरसों के सर्वे में गैर मान्यता प्राप्त मदरसों की हर दिन बढ़ती संख्या चौंकाने वाली सामने आ रही है, जिससे मदरसा संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। अभियान की इस कड़ी में शुरू सर्वे के दौरान अल्पसंख्यक विभाग अभी सदर तहसील क्षेत्र के सर्वे में जुटा है, जहां बड़ी संख्या में गैर मान्यता प्राप्त मदरसों के होने का आंकड़ा दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को की गई कार्रवाई के बारे में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मैत्री रस्तौगी ने बताया कि उन्होंने विभागीय टीम के साथ में सदर तहसील क्षेत्र में मदरसों का सर्वे कर रही है। उनके द्वारा नगर के मौहल्ला जामियानगर, किदवईनगर और मिमलाना रोड पर स्थित मदरसों का सर्वे किया गया है। विभागीय टीम के द्वारा इन मौहल्लों में 7 मदरसों का सर्वे किया गया। सभी सात मदरसे इस बीच सर्वे में गैर मान्यता प्राप्त पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस बीच विभागीय टीम के द्वारा विभिन्न बिन्दुओं पर जानकारी जुटाई गई है। निरीक्षण की कड़ी में बाद में विभागीय टीम मौहल्ला खादरवाला में पहुंची, जहां पर सर्वे टीम को 3 मदरसे बंद मिले। इस संबंध में टीम द्वारा स्थानीय लोगों के साथ वार्ता की गई, लेकिन वह अधिक जानकारी टीम को नहीं दे पाए। उन्होंने दावा किया कि जनपद में शासन से जारी आदेशों के क्रम में मदरसों का सर्वे जारी रहेगा।



## पालिका अध्यक्ष समेत 17 सभासदों ने डीएम को सौंपे सामूहिक इस्तीफे

शामली, २० सितम्बर (बु.)। शामली नगर पालिका अध्यक्षा अंजना बंसल के पति पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल ने प्रशासन पर समस्याओं का समाधान न करने और अधिशासी अधिकारी पर मनमानी का आरोप लगाते हुए १७ समर्थक सभासदों के साथ जिलाधिकारी को सामूहिक रूप से इस्तीफा सौंप दिया। शामली नगर की राजनीति में यह पहला अवसर है, जब नगर पालिका बोर्ड द्वारा प्रशासन पर असहयोग करने का आरोप लगाते हुए सामूहिक रूप से इस्तीफा दिया गया है। फिलहाल यह मामला पूरी तरह से राजनीति हलकों में चर्चाओं का विषय बना हुआ है। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी को प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट देने के लिए कहा है।

शामली नगर पालिका अध्यक्षा अंजना बंसल के पति पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल मंगलवार सवेरे अपने १७ समर्थक सभासदों के साथ कलक्ट्रेट में पहुंचे और जिलाधिकारी जसजीत कौर को सामूहिक रूप से हस्ताक्षर युक्त इस्तीफा सौंपा। इस्तीफे के साथ-साथ अध्यक्षा अंजना बंसल की ओर से जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि नगर पालिका शामली के लेखा विभाग में वित्तीय वर्ष में ११ लाख ४४००१ रुपये व्यय पक्ष में उचंति खाते के नाम डाले गए हैं। यह पैसा कहां गया इसका कोई जवाब अब तक नहीं दिया गया, जबकि शासन स्तर से भी कार्यवाही के लिए पत्र लिखा जा चुका है। आरोप लगाया कि अधिशासी अधिकारी द्वारा एक लाख ७० हजार ६३८ रुपये की आरसी विद्युत विभाग द्वारा जारी की गई थी, जिस पर आजतक कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसी के साथ लेखा विभाग में कई लेनदेनों में भ्रष्टाचार का आरोप भी लगाया गया है। पालिकाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि पिछले तीन वर्षों में जिला प्रशासन को जो भी पत्र लिखे गए या शिकायतें की गई उन पर कोई कार्यवाही नहीं की गई, जिससे अच्छा है कि स्वयं प्रशासन ही नगर पालिका की कमान संभाल लें। उन्होंने जिलाधिकारी को दिए गए इस्तीफे को मंजूर करने की मांग की है। जिलाधिकारी जसजीत कौर का कहना है कि नगर पालिका में कई समस्याऐं चल रही हैं। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका द्वारा एक लिपिक का स्थानांतरण कर दिया गया। नगर पालिका की भूमि पर कब्जा, एकाउंट में मिस मैचिंग जैसे कई मुद्दों को लेकर पालिकाध्यक्ष के पति मिले थे, जिनके द्वारा वार्ड सभासदों के साथ इस्तीफा दिया गया है। सारे मामले की जांच के लिए एक टीम गठित कर दी गई, जो भी विधिक कार्यवाही होगी अमल में लाई जायेगी। नगर पालिका द्वारा समय-समय पर समस्याओं के समाधान के लिए पत्राचार किया जाता रहा है। इस्तीफा देने वाले सभासद में वार्ड-१७ सभासद हाजी

शेष : पृष्ठ ४ पर

# काल जुलूस में तलवार लगने पर हंगामा

## -पुलिस ने एक दूसरे पक्ष की तहरीर पर कार्यवाही का भरोसा दिलाया -कोतवाली पर दर्जनों की संख्या में पहुंचे लोग

कैराना, २० सितम्बर (बु.)। नगर में रामलीला कमेटी द्वारा परंपरागत काल जुलूस निकाला गया। काल जूलूस के दौरान लोग जुलूस में शामिल हुए। जैसे ही काल जुलूस बाजार में पहुंचा, तो वहां तलवार लगने पर हंगामा खड़ा हो गया। हंगामा देख रामलीला कमेटी के लोगों ने लगभग एक घंटा बाद काल को किसी तरह गौशाला भवन पर ले जाकर बंदी बना लिया। बाद में मामला यही शांत नहीं हुआ, तलवार लगने वाले कुछ लोग एकत्र होकर वहां पहुंच गये और विरोध हंगामा करने लगे, लेकिन सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी और हंगामा करने वाले लोगों को कार्यवाही का भरोसा दिलाकर शांत कर दिया तथा काल जुलूस निकालने की मांग पर अड़े लोगों को समझाकर वापस भेज दिया। उधर उक्त प्रकण में रामलीला कमेटी और काल का किरदार निभाने वाले की ओर से गंभीर आरोप लगाते हुए तहरीर दी गयी। वहीं तलवार से घायल हुए व्यक्ति ने भी रामलीला कमेटी पर आरोप लगाकर तहरीर दी। पुलिस ने तीनों तहरीर पर कार्यवाही का आश्वासन देते हुए मेडिकल कार्यवाही कराई। हुआ यूं कि कैराना में मंगलवार को रामलीला कमेटी द्वारा काल जूलुस निकाला गया। काल का आन्नद लेने के लिये युवा व बुजुर्ग लोग भी जुलूस देख रहे थे। इसी दौरान काल जूलुस कैराना के बाजार मे पहुंचा और काल के हाथों मार खाने के डर से लोग आगे की ओर भाग रहे थे, लेकिन इसी बीच साहिल आदि पर काल ने तलवार से वार कर दिया, जिस पर वह आग बबूला हो गये और आरोप लगाते हुये हंगामा करने लगे। बाद में कमेटी ने देखा कि हंगामा ना हो जाये, इसको देखते हुए काल को वापस ले जाकर बंदी बना लिया। इतना ही नहीं हंगामा कर रहे कुछ लोग वहां पहुंच गये और काल से निपटने की धमकी देने लगे। पुलिस ने मामले को समझाकर शांत किया, लेकिन घायल हुए साहिल आदि ने आरोप लगाते हुए कमेटी के विरूद्ध तहरीर दी। बाद में कमेटी के दर्जनों लोग भी मौके पर पहुंच गये और पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। वहीं कुछ देर बाद ही कोतवाली में बाल्मिकी समाज के युवक भी आये, जिसके बाद काल बने रंभु उर्फ निन्ना उर्फ डिस्को ने साहिल सहित ३ नामजद व ३ अज्ञात के विरूद्ध जाति सूचक शब्द बोलने व ईंट से हमला करने के आरोप में तहरीर दी। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष जयपाल कश्यप के अनुसार काल जलूस के दौरान साहिल सहित ८ आरोपियों ने रामलीला कमेटी को गालियां दी और धमकी दी कि हम रामलीला नहीं होने देंगे। आरोपियों ने गौशाला पहुंचकर काल को मारने की धमकी भी दी। लाठी-डण्डे से यह लोग लेस थे, उन्होंने कहा कि धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। वहीं तहरीर देने के बाद रामलीला कमेटी के कहने पर पुलिस ने अपनी सुरक्षा के बीच काल द्वारा पूजन करने का कार्य शान्ति पूर्वक कराने के बाद काल का किरदार निभाने वाले वृद्ध को सीएचसी में मेडिकल के लिए भेजा। कोतवाली प्रभारी अनिल कप्परवान ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई की जायेगी, उन्होंने कहा कि किसी को भी कानून व्यवस्था को बिगाड़ने नहीं दिया जायेगा।



# पटाखा व्यापारी के गोदाम से डेढ़ लाख की कीमत के कबूतर चोरी

कांधला, २० सितम्बर (बु.)। अज्ञात चोरों ने पटाखा व्यापारी के गोदाम में बनाए गए पक्षी के आवास का ताला तोड़कर लाखों रुपए के कबूतर चोरी कर लिये हैं। घटना के संबंध में पीड़ित व्यापारी ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है। नगर के मौहल्ला कानूनगोयन निवासी नवनीत गोयल पटाखा व्यापारी ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि कांधला कैराना मार्ग पर पीड़ित व्यापारी का गोदाम स्थित है, जिस पर व्यापारी के द्वारा विभिन्न तरह के कबूतर व पक्षियों को देखभाल के लिए रखा था। आरोप है कि देर रात अज्ञात चोरों ने बख्शी आवाज का ताला तोड़कर उसमें रखे गए लाखों रुपए की कीमत के विभिन्न तरह के कबूतरों की नस्लों को चोरी कर अपने साथ ले गए। मंगलवार की सुबह घटना की जानकारी होने के पश्चात पीड़ित ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर जाकर घटना की जांच पड़ताल की। घटना के संबंध में पीड़ित व्यापारी ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित व्यापारी के मुताबिक गोदाम से डेढ़ लाख रुपए की कीमत के कबूतर चोरी किए गए।

## दो बच्चों के पिता ने युवती का किया यौन शोषण

भोपा, २० सितम्बर (बु.)। भोपा थाना क्षेत्र के गाँव निवासी होमगार्ड की पुत्री ने बताया कि जिले के गाँव तावली में स्थित अस्पताल में वह नर्सिंग असिस्टेंट के पद पर तैनात थी, तभी नरेंद्र नामक युवक ने अविवाहित बताकर उससे दोस्ती कर ली तथा जालसाजी कर बुढ़ाना तहसील में शादी का प्रमाण-पत्र भी बनवा लिया। नरेंद्र शादीशुदा है तथा उसके दो बच्चे हैं। इसकी जानकारी मिलने पर उसने ऐतराज जताया, तो आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इसके संबंध में गत वर्ष भोपा थाना पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, किंतु कोई कार्रवाई न होने के कारण आरोपी सोशल मीडिया पर उसके फोटो वायरल कर रहा है, जिससे गांव में उसकी बदनामी हो रही है। आरोपी यौन शोषण के बाद अब उसका मानसिक शोषण कर रहा है। तंग आकर वह अपनी जान देने को मजबूर होगी। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है।



# आज वरदान धर्मार्थ नेत्र सेवा शिविर में 28० का परीक्षण

मुजफ्फरनगर, 2० सितम्बर ( बु. )। जरुरतमंदों की सेवा को समर्पित श्री सूरजमल सुशीला जैन धर्मार्थ ट्रस्ट एवं वरदान धर्मार्थ नेत्र सेवा संस्थान प्रेमपुरी के सौजन्य से स्वर्गीय अनिता तायल की द्वितीय पुण्य तिथि पर उनके पति रामकुमार तायल जिला अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल द्वारा आंखों का नि:शुल्क विराट कैम्प आयोजित किया गया। मंगलवार को वरदान धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय प्रेमपुरी में शुरू हुए इस नेत्र चिकित्सा शिविर में मुख्य रूप से डॉ. स्वाति अग्रवाल ने मरीजों की आंखों का नेत्र परीक्षण किया। चिकित्सकों की टीम में 28० मरीजों की आंखों का परीक्षण किया गया, जिनमें से 48 मरीजों को ऑपरेशन हेतु चयनित किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से गोल्डी, सचिन, मीनाक्षी, नीरज, खुशबू, अंकित, प्राची, गौरव, वंशज तायल, अशोक अग्रवाल, शिवचरण दास गर्ग, राजेन्द्र कुमार गोयल, पवन कुमार गोयल, योगेन्द्र जैन एडवोकेट, डॉ. विनीता जैन, सुशील गोयल, नरेंद्र मित्तल, कृष्ण कुमार तायल, नीरज कुमार गुप्ता, संदीप गोयल, मोहित मलिक सभासद, डॉ. एससी गुप्ता आदि ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए ऐसे नेत्र परीक्षण शिविरों की समय-समय पर जरुरत पर बल दिया।

### मुजफ्फरनगर मण्डी

मुजफ्फरनगर, 20 सितम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:- रसकट ढैया-1200, चाकू 3200-3400, चौरसा -3100, पपड़ी 3160-3180

# दूसरे दिन ''कहानी भारत मां के सच्चे सपूत की'' छायाचित्र व पुस्तक प्रदर्शनी का जनपदवासियों ने किया अवलोकन

मुजफ्फरनगर, २० सितम्बर (सूवि)। एक भारत-श्रेष्ठ भारत के शिल्पकार, मां भारतीय के अनन्य साधक, भारतीय जन आकांक्षाओं के प्रतिबिंब, विश्व नेता, भारत गणराज्य के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन अर्थात १७ सितम्बर से ०२ अक्टूबर महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती तक आयोजित होने वाले ''सेवा पखवाड़ा'' के द्वितीय दिन भारत के प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व व कृतित्व पर आधारित सूचना विभाग द्वारा, डीएवी इंटर कॉलेज के सभागार पर लगाई गई ''कहानी भारत मां के सच्चे सपूत की'' छायाचित्र व पुस्तक प्रदर्शनी का डीएवी इंटर कॉलेज के बच्चों और सुनील कुमार शर्मा प्रधानाचार्य को अवलोकन कराते हुए जिला सूचना अधिकारी जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को भारत के प्रधानमंत्री के जन्म से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक के बारे में विस्तार से बताते हुए बच्चों का मनोबल बढ़ाया कि आप सभी मेहनत परिश्रम के साथ परिवार, समाज का नाम रोशन करें। सूचना विभाग के सौजन्य से लगाई गयी प्रदर्शनी का अवलोकन कराते हुए जिला सूचना अधिकारी द्वारा जनपदवासियों को प्रदर्शनी की विषय वस्तु के बारे में विस्तार से बताया गया तथा प्रधानमंत्री मोदी जी के बचपन से अबतक की कहानियों, उपलब्धियों, महत्वपूर्ण निर्णय, जनहितार्थ योजनाओं, देश की प्रगति हेतु नवाचार अभियानों को प्रदर्शनी में लगे फोल्डर के माध्यम से विस्तार से समझाते हुए प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व व कृतित्व पर आधारित प्रदर्शनी की दर्शकों द्वारा प्रशंसा की गयी। जिला सूचना अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री का जीवनी एक प्रेरणास्रोत है, जो हर उम्र के लोगों को कुछ करने को प्रेरित करती है। भारत का युवा वर्ग प्रधानमंत्री से काफी प्रभावित है। प्रधानमंत्री की सोच आम जन, महिला, समाज के पिछड़े वर्ग के प्रति काफी उन्नत है। यही वजह है कि वे विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय राजनेताओं में शुमार हैं।

# कोर्ट का आदेश ना माना, तो २३ सितंबर से आंदोलन करेंगे विद्युत कर्मचारी

बुढ़ाना, २० सितम्बर (बु.)। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ से जुड़े विद्युत कर्मचारियों ने मंगलवार को बड़कता रोड पर स्थित एक बाग में पंचायत कर विद्युत एक्सईएन को ज्ञापन देकर चेतावनी दी कि अगर न्यायिक आदेशों का उल्लंघन हुआ, तो बुढ़ाना खंड के सब निविदा संविदा विद्युत कर्मचारी २३ सितंबर को आंदोलन करेंगे। मंगलवार के दिन उत्तर प्रदेश कारपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ से जुड़े सैंकड़ों विद्युत कर्मचारियों ने बड़कता रोड पर स्थित एक बाग में पंचायत कर न्यायिक आदेशों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध भारी रोष जताया। यहां संघ के



कार्यवाहक जिलाध्यक्ष ऋषिपाल सिंह ने पंचायत के बाद नारेबाजी कर अधिशासी अभियंता अजय कुमार कैम को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में संगठन के जिला संरक्षक के पत्र संख्या दिनांक ४ सितम्बर २०२२ का संज्ञान लेते हुए आपसे निवेदन है कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश संख्या ४ सितंबर २०१८ के अनुसार किसी भी संविदाकर्मी निविदाकर्मी के स्थानान्तरण रिपलेस्मेन्ट पर पाबन्दी है। आपके या कम्पनी के द्वारा कर्मचारियो के रिपलेस्मेन्ट के आदेश किये जा रहे हैं, जो कि न्यायिक आदेशों का उल्लंघन है, जिसमें खण्ड के सब निविदा संविदा कर्मचारी २३ सितंबर से आन्दोलन करेंगे, जिस पर विद्युत एक्सईएन श्री कैम ने उक्त समस्या को उच्चाधिकारियों को भेजने का आश्वासन दिया। इस दौरान सचिव पवन कुमार, मनोज, अंकित, सोनू, कपिल, सुधीर, मदन पाल, सचिव दीपक सैनी, विनोद पाल और विकेंद्र मलिक इत्यादि मौजूद रहे।



रामलीला मंचन की तैयारियों को अंतिम रूप देते आयोजकगण।

# सदियों से चली आ रही है भोपा में रामलीला मंचन की परंपरा

## -१०१ साल से लगातार हो रहा है भोपा में रामलीला का मंचन

भोपा, २० सितम्बर (बु.)। युवा रामलीला कमेटी भोपा के द्वारा रामलीला के मंचन की तैयारियों शुरू हो गई हैं। आगामी २१ सितंबर से रामलीला का मंचन प्रारंभ किया जाएगा, जिसके मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर वीरपाल होगे भारत ही नहीं दुनिया के तमाम हिस्सों में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के गुणों की लीलाएं होती हैं। ईश्वर से जुड़ी लीला के जरिए रामकथा का गायन और मंचन हमें सात्विक संस्कारों से अभिमंत्रित करता है। कमेटियों का कहना है कि रामचरितमानस के प्रचार-प्रसार के लिए तुलसीदास जी ने रामलीला की शुरुआत की थी। युवा रामलीला कमेटी भोपा के अध्यक्ष अनिल कांत शर्मा, डॉयरेक्टर शुभम उर्फ चुन्नू शर्मा, सचिव अमरपाल सैनी, कोषाध्यक्ष तरुण कुमार ग्राम प्रधान प्रतिनिधि, संरक्षक अंकित शर्मा व कलाकारों अंकित प्रजापति, अभिषेक, आशीष सैनी, संजय दीवान, कुणाल वालिया, आर्यन राठी एवं सभी कलाकार एवं कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को मंच निर्माण के कार्य को प्रारंभ कर दिया

# तेजस सामाजिक विकास शिक्षा एवं वेलफेयर सोसाइटी का शिविर संपन्न

मुजफ्फरनगर, २० सितम्बर ( बु. )। मंगलवार को तेजस सामाजिक विकास शिक्षा एवं वेलफेयर सोसाइटी द्वारा नवीन मंडी में सोसायटी के उपाध्यक्ष संजय मिश्रा के प्रतिष्ठान नागरमल राधेश्याम पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारंभ भाजपा के जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला ने फीता काटकर किया। इस दौरान सोसाइटी के मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों का पटका व मोमेंटो देकर इस बीच स्वागत किया। तेजस सोसायटी उपाध्यक्ष संजय मिश्रा ने बताया कि आज के रक्तदान शिविर में सैंकड़ों लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर अपने आपको गौरवान्वित किया है। उन्होंने बताया कि रक्तदान महादान कहलाता है रक्त देने से किसी दूसरे इंसान का जीवन बचाने का एक सुखद अनुभव होता है। उन्होंने आह्वान किया कि अधिक से अधिक मात्रा में लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। तेजस सामाजिक विकास शिक्षा एवं वेलफेयर सोसाइटी के उप प्रबंधक अमित गोयल ने बताया कि सोसायटी द्वारा नगर में प्रथम रक्तदान शिविर का आयोजन किया है, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि आज के स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में जिन रक्तवीरों ने रक्तदान किया है, उन सभी को सोसायटी के पदाधिकारियों द्वारा सर्टिफिकेट दिया गया और आगे भविष्य में तेजस सोसायटी द्वारा समाज हित में जन कल्याण के कार्य किए जाते रहेंगे। शिविर में स. सतपाल सिंह मान, नरेंद्र पंवार, कृष्ण गोपाल मित्तल, राकेश त्यागी, बलविंदर सिंह, पवन वर्मा, जितेंद्र कुच्छल, रवि कांत शर्मा, डॉ. संदीप शर्मा, ब्रह्म प्रकाश शर्मा, पुष्पेंद्र तोमर आदि मौजूद रहे। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में सोसाइटी के अमित गुप्ता, संजय मिश्रा, अमित गोयल, अरूण प्रताप सिंह, शिवम अरोरा ,डॉ. संजीव शर्मा, अंकुर गुप्ता, हरेंद्र कुमार, सतीश मलिक, पवन मित्तल, अमन सिंघल, उपेंद्र राठी, पुष्पेंद्र मलिक, प्रमोद प्रजापति, सुखबीर सिंह, प्रवीण कुमार, पंकज त्यागी, प्रमोद कुमार, अचिंत सिंघल, प्रवीण कुमार, विभोर गुप्ता, हरीश पालीवाल, पुष्पेंद्र चौधरी, रवि शर्मा, सुंदर तोमर, रमन शर्मा, शिवम अरोरा, रोहित शर्मा, आशुतोष खन्ना, संदीप कौशिक, सुनील सिंघल, शुभम, अनु सिंह, अर्जुन कुमार, पंकज तिवारी आदि लोगों का विशेष योगदान रहा।

## २४ सितम्बर से होगा श्री रामलीला का मंचन

मीरापुर, २० सितम्बर (बु.)। कस्बे के श्रीराम पब्लिक स्कूल में श्री रामलीला समिति की बैठक का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष दीपक गोयल ने पत्रिका का विमोचन करते हुए बताया कि आगामी २४ सितंबर से ६ अक्टूबर तक श्री राधा सर्वेश्वर मंडल वृंदावन के कलाकारों द्वारा श्रीराम लीला का मंचन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि २७ सितंबर को कस्बे में बैंड-बाजों से सुसज्जित भगवान श्रीराम की विशाल बारात (शोभायात्रा) निकाली जाएगी। बैठक में मुख्यरूप से रोहित माहेश्वरी, विजय अग्रवाल, प्रदीप गोयल, अनिरुद्ध गोयल, विवेक वर्मा, हरिराम गुप्ता, बोबी, सुभाष, देवेंद्र कुमार, रविंदर कुमार, पार्थ गोयल आदि मौजूद रहे।



# शिक्षकों ने घेरा डीआईओएस कार्यालय

मुजफ्फरनगर, २० सितम्बर ( बु. )। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष डॉ. राहुल कुशवाह ने कहा कि शिक्षकों की एकजुटता ही संगठन को मजबूती प्रदान करेगी। किसी भी शिक्षक एवं प्रधानाचार्य का भविष्य में शोषण किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने 18 सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम सौंपते हुए समस्याओं के समाधान कराने की मांग की। मंगलवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी की बैनर तले डीआईओएस कार्यालय पर लंबित मांगों को लेकर धरना दिया गया। धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ. राहुल कुशवाह ने कहा कि वर्तमान में सरकार शिक्षकों की बुढ़ापे की लाठी, पुरानी पेंशन को हर हाल में बहाल करने के साथ शिक्षकों को नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान करें। उन्होंने कहा कि पूर्व में किए धरना प्रदर्शन के बावजूद सरकार उनकी मांगों के प्रति संवेदनशील नहीं है, जिसके कारण शिक्षकों का भविष्य पूरी तरह से अंधकारमय होता नजर आ रहा है। उन्होंने सरकार से विगत वर्षों की मूल्यांकन की अवशेष ग्रांट को शीघ्र जारी करने की मांग करते हुए कहा कि अपने अधिकारों को प्राप्त करने के शिक्षकों की एकजुटता ही संगठन को मजबूती प्रदान करेगी। शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए शिक्षकों में एकजुट होना बहुत जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी शिक्षक एवं प्रधानाचार्य का शोषण किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा। शिक्षकों की समस्या निस्तारण को समय रहते प्राथमिकता के आधार पर करने समेत अन्य मांगों से जुड़ा ज्ञापन डीआईओएस को सौंपा गया। इस दौरान सतेन्द सिंह मलिक, समीर चौधरी समेत बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# पूर्व न्यायाधीश के बाग से हजारों के लोहे के पिलर चोरी

कांधला, २० सितम्बर (बु.)। सलेमपुर मार्ग पर कस्बा निवासी पूर्व न्यायधीश सलेकचंद अग्रवाल का आम का बाग स्थित है। पूर्व न्यायाधीश सलेकचन्द अग्रवाल का परिवार मुजफ्फरनगर में रहकर अपना व्यापार करता है। आम के बाग की रखवाली के लिए कस्बा निवासी शिवचरण को मुनीम के पद पर तैनात कर रखा है। सोमवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने आम के बाग के चारों ओर सुरक्षा की दृष्टि से लगाए गए लोहे के तार व एंगल अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिए थे। तार व एंगल की चोरी की सूचना मुनीम ने आम के बाग पर जाने पर हुई थी। मुनीम शिवचरण ने पुलिस को सूचना देकर तहरीर देते हुए चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।



# एसडी लॉ में लीगल ऐड क्लिनिक का औचक निरीक्षण किया

मुजफ्फरनगर, २० सितम्बर (बुस.)। एसडी कॉलेज ऑफ लॉ मुजफ्फरनगर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव द्वारा सलोनी रस्तोगी के नेतृत्व में महाविद्यालय में स्थित लीगल ऐड क्लिनिक का औचक निरीक्षण किया गया। सलोनी रस्तोगी ने निरीक्षण के दौरान कॉलेज के द्वारा दी जा रही निःशुल्क विधिक सहायता की सराहना की तथा इस अवसर पर उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विधि का क्षेत्र एक ऐसा क्षेत्र है, जहाँ अपनी योग्यता के आधार पर एक वकील पीड़ित पक्ष की सुनवाई कर उसे न्याय दिलाता है, यह सब तभी संभव है, जब उसे विधि का पूरा ज्ञान हो। सलोनी जी ने छात्र-छात्राओं को समाज में कानूनी जागरूकता के लिए उत्साहित किया और विधिक सहायता के क्षेत्र में कार्य करने को प्रेरित किया। इस अवसर पर कॉलेज निदेशक मंजू मल्होत्रा और कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेनू गर्ग ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें सलोनी जी का पूर्व में भी मार्गदर्शन मिलता रहा है। कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेणु गर्ग ने उन्हें पूर्ण विश्वास दिलाया कि कॉलेज लीगल ऐड क्लीनिक के माध्यम से विधिक सहायता प्रदान कर लोगों की सहायता करता रहा है और करता रहेगा। इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## आपका आज का राशिफल

**बुधवार, 21 सितम्बर, 2022**

**मेष**-मनोबल में कमी, नवीन समस्याएँ उपस्थित, स्वयं का निर्णय अहितकर, वैवाहिक जीवन में अशांति, किसी से विवाद को लेकर परेशान, बनी बनाई योजना अधूरी।

**वृषभ**-दिन बेहतर, स्वास्थ्य सुधार पर, किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, जनसम्पर्क का सुयोग, भौतिक सुख के निमित्त व्यय, पुराने विवाद का समापन।

**मिथुन**-विचारित कार्यों में अनुकूलता, धन का प्रतिफल प्राप्त, मित्रों के माध्यम से कठिनाइयां समापन पर, मनोरंजन की ओर रुझान, दाम्पत्य जीवन में मधुरता।

**कर्क**-ग्रहयोग भाग्य के पक्ष में, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति, महत्वपूर्ण उपलब्धि, नवीन कार्यों की रूपरेखा, इच्छाशक्ति जागृत, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग।

**सिंह**-समस्याओं से परेशान, अभीष्ट सिद्धि में विलम्ब, पारिवारिक समस्याएं प्रभावी, आपसी गलतफहमी से नुकसान, उत्तरदायित्व की निर्वाह में बाधा, धर्म में रुचि।

**कन्या**-परिस्थितियां सुधार पर, मनोवांछित सफलता का सुयोग, अड़चनों का समापन, नवसम्पर्क से लाभ, उत्तरदायित्व की पूर्ति प्रयत्नशील, जीवनसाथी से सहयोग।

**तुला**-व्यावसायिक सफलता का मार्ग प्रशस्त, पारिवारिक समस्याएं सुलझने की ओर, धनसंचय की ओर प्रवृत्ति, रचनात्मक क्रियाकलापों में अभिरुचि, यात्रा सार्थक।

**वृश्चिक**-योजना साकार होने की ओर, वाक्पटुता से कार्यसिद्धि, नौकरी में पदोन्नति, कर्ज की अदायगी का प्रयास, प्रमोद के साधन सुलभ, प्रतियोगिता में सफलता।

**धनु**-स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, सामयिक कार्यों में बाधा उपस्थित, पारस्परिक सम्बन्धों में मनमुटाव, सुख के साधन में कमी की अनुभूति, शत्रु हानि पहुँचाने में असफल।

**मकर**-योजना साकार होने की ओर, किसी उत्सव में सम्मिलित होने का सुयोग, निराशा का समापन, हर्षोल्लास का वातावरण, सुख साधन के निमित्त व्यय, धर्म में आस्था।

**कुम्भ**-लाभ का सुअवसर प्राप्त, सामाजिक गतिविधियों की ओर रुझान, मानसिक शांति, उत्तरदायित्व का निर्वाह, सुपरिणाम हेतु प्रयत्नशील, आत्मीयजनों से मधुरता।

**मीन**-भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त, परिश्रम के अनुरूप सफलता, पारिवारिक खुशी, आपसी सम्बन्धों में अत्यधिक प्रगाढ़ता, कार्यक्षमता में वृद्धि, यात्रा संतोषजनक।

**विमल जैन**, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-२/१-७६,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-२२१००२ मोबाइल ६३३५४१४७२२



# भाजपाईयों ने बुढ़ाना में चलाया स्वच्छता अभियान

बुढ़ाना, २० सितम्बर (बु.)। भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत मंगलवार के दिन भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बघरा ब्लॉक के प्रमुख और जिला कार्यक्रम संयोजक गौरव पंवार ने बुढ़ाना पहुंचकर स्वच्छता अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मिली जानकारी के अनुसार कस्बा बुढाना में स्थित चौधरी चरण सिंह तिराहे पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वचछता अभियान के तहत ब्लॉक प्रमुख बघरा गौरव पंवार के साथ भाजपा जिला महामंत्री विनीत कात्यान, भाजपा जिला सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजेश संगल, जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो मोनू मलिक और कार्यकर्ताओं द्वारा संयुक्त रूप से चौधरी चरण सिंह तिराहे से लेकर तहसील परिसर में स्थित मंदिर तक साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख गौरव पंवार ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छ अभियान देश के कोने-कोने तक चलाया गया। इस अभियान का बहुत ही बड़ा लाभ देश में विभिन्न बीमारियों को रोकने के लिए लाभदायक साबित हुआ। अगर हम अपने आसपास स्वच्छ अभियान के अंतर्गत कार्य करें, तो हमारी कालोनियां बहुत सी छोटी-छोटी बीमारियों से छुटकारा पा सकती हैं। आमजन का इस अभियान में बहुत बड़ा सहयोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिला है। इस अवसर पर मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजेश संगल, भाजपा बुढ़ाना मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा उकावली, भारत ठाकुर, बुढ़ाना नगर पंचायत के सदस्य मुकेश शर्मा, विनीत शर्मा, बुढ़ाना नगर पंचायत के नामित सदस्य संगीत गर्ग, प्रमोद गर्ग, भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मोनू मलिक और रविंद्र सैनी आदि भाजपा कार्यकर्ताओ की उपस्थित देखने को मिली।

# एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की

जानसठ, २० सितम्बर (बु.)। राजकीय इंटर कॉलेज कवाल के अध्यापकों द्वारा छात्रों पर जबरदस्ती ट्यूशन पढ़ने का दबाव बनाने व फेल करने की धमकी दी, जिसके चलते एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने प्रधानाचार्य को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है। अखिल



भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने राजकीय इंटर कॉलेज कवाल के प्रधानाचार्य रणवीर सिंह को ज्ञापन देकर स्कूल के अध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों को जबरदस्ती ट्यूशन पढ़ने के लिए दबाव बनाने को लेकर ज्ञापन दिया। एबीवीपी के सहमंत्री निखिल सैनी ने बताया कि कॉलेज के कुछ शिक्षको के द्वारा बच्चो पर अपने पास ट्यूशन लगाने का दबाव बनाया जा रहा है अन्यथा आगामी परीक्षा में फेल करने की धमकी दी जा रही है। तहसील सह संयोजक कार्तिकेय दीक्षित ने कहा कि छात्रों का शोषण कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। छात्र हित के लिए कार्य करता है यदि छात्र का अहित होता है, तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। एबीवीपी के कार्यकर्ता आदित्य धीरवान ने बताया कि कॉलेज प्रधानाचार्य रणवर सिंह ने उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। कोई भी अध्यापक जबरदस्ती छात्रों को ट्यूशन पढ़ाने का दबाव नहीं बना सकता है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ज्ञापन देने वालों में पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कपिल कुमार, रजत राजपूत, सनी कश्यप, सूर्या, रविकांत, वंश आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्रीराम के आदर्शों पर चलकर ही जीवन को सुखमय बनाया जा सकता है : प्रवेंद्र भड़ाना

## -१२२वीं बार लगातार किया जा रहा है प्राचीन रामलीला का मंचन

जानसठ, २० सितम्बर (बु.)। कस्बे की प्राचीन रामलीला मौहल्ला मिश्रान का सोमवार को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रवेंद्र भडाना ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इसके उपरांत नारद मोह की लीला का सुंदर मंचन किया गया। प्राचीन रामलीला मौहल्ला मिश्राण में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी भगवान श्रीराम की लीला का मंचन स्थानीय कलाकारों के द्वारा किया जा रहा है। सोमवार की देर शाम नगर पंचायत अध्यक्ष प्रवेंद्र भडाना ने रामलीला का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि हम लोगों को भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलना चाहिए, ताकि जीवन को सुखमय बनाया जा सके। समिति के अध्यक्ष निशांत कंबोज ने बताया कि प्राचीन रामलीला १२२ वर्षो से होती चली आ रही है, जिसमें स्थानीय लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं और स्थानीय कलाकार ही लीला का मंचन करते हैं। उद्घाटन के उपरांत नारद मोह की लीला का सुंदर मंचन



स्थानीय कलाकारों के द्वारा किया गया। इस दौरान आजीवन संरक्षक जयप्रकाश कंबोज, रमेश चंद कंबोज, वेद प्रकाश सैनी एडवोकेट, रतन सिंह राजपूत, रामअवतार दीक्षित, उमाशंकर शर्मा, सोनी कुमार गुर्जर, ज्ञानचंद सैनी, अमरजीत सभासद, अमित शर्मा, अशोक राजपूत, राजीव गुप्ता मंडल अध्यक्ष भाजपा, सतीश खटीक, संजीव कंबोज, दीपक शर्मा समाजसेवी रजनीश सैनी, अमित सैनी, अश्वनी चौधरी, गोपाल सैनी, कैलाश सैनी, विकास धनगर, शालू वालिया, आशीष भारद्वाज, विश्वनाथ प्रताप सिंह, नवनीत कांबोज, श्याम बाबू सैनी, अनिल गोयल, ईश्वरदास शहीद नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री का नाम **शचि त्यागी** (SHACHI TYAGI) से बदलकर **सौंची त्यागी** (SANCHI TYAGI) रख लिया है। अब भविष्य में मेरी पुत्री को **सौंची त्यागी** (SANCHI TYAGI) के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**महेश कुमार**
**पुत्र त्रिलोक चन्द**
निवासी : ग्राम+पो. खुड्डा, थाना छपार, जिला मुजफ्फरनगर

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम **मौ. शादाब** (MOHD SHADAB) पुत्र **शाहरूम अली** (SHAHROOM ALI) से बदलकर **शादाब त्यागी** (SHADAB TYAGI) पुत्र **शाहरूम अली** (SHAHROOM ALI) रख लिया है। अब भविष्य में मुझे **शादाब त्यागी** (SHADAB TYAGI) के नाम से जाना जाये।

**मौ. शादाब**
**पुत्र शाहरूम अली**
निवासी : मौहल्ला घांगड़ पट्टी, ग्राम कुटेसरा, थाना चरथावल, जिला मुजफ्फरनगर

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में गलती से मेरे पिता का नाम **अली हसन** (ALI HASAN) लिखा गया है, जबकि मेरे पिता का सही नाम **अहमद हसन** है और मेरी पत्नी का नाम भी गलती से **राशिदन** (RASHIDAN) लिखा गया है, जबकि मेरी पत्नी का सही नाम **स्व. शाहिदा बेगम** (SHAHIDA BEGUM) है और मेरी **(कय्यूम)** की जन्मतिथि 15/03/1956 लिखी गई है, जो कि गलत है, जबकि मेरी सही **जन्मतिथि 07/10/1951** है।

**कय्यूम (QAYYUM) पुत्र अहमद हसन**
निवासी : 1346, साउथ खालापार, मुजफ्फरनगर



**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकुर दुआ
डिप्टी -सम्पादिका-श्रीमति पूजा दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन- 9368549219 (नि.) 7983359929,
सम्पादक- 9412210257
e-mail : muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2022

सम्पादक की क़लम से

# महाकाल कॉरिडोर निर्माण

मध्यप्रदेश में महाकाल कॉरिडोर का भव्य निर्माण हो रहा है। पहले यह दो हेक्टेयर में था, अब बढ़कर बीस हेक्टेयर हो गया है। महाकाल परिसर उत्तर प्रदेश के काशी विश्वनाथ कॉरिडोर से चार गुना बड़ा होगा। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर पांच हेक्टेयर में है, महाकाल कॉरिडोर बीस हेक्टेयर में है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी 11 अक्टूबर को महाकाल कॉरिडोर के पहले चरण का लोकार्पण करेंगे। महाकाल कॉरिडोर देश का पहला ऐसा धार्मिक परिसर है, जो पौराणिक सरोवर रुद्रसागर के किनारे विस्तार ले रहा है। शिव, शक्ति और दूसरी धार्मिक कथाओं से जुड़ी लगभग २०० मूर्तियों और भित्त चित्र की सहायता से इसे सजाया गया है। श्रद्धालु, शिव की अनसुनी कथाएं इनसे जानेंगे। सप्त ऋषि, नवग्रह मंडल, त्रिपुरासुर वध, कमल ताल में विराजित शिव, १०८ स्तम्भों में शिव के आनंद तांडव का अंकन, शिव स्तम्भ, भव्य प्रवेश द्वार पर विराजित नंदी की विशाल प्रतिमाएं हैं। यहां देश का पहला नाइट गार्डन भी बनाया गया है। ७५० करोड़ रुपए के महाकाल विस्तार प्रोजेक्ट के पहले चरण के कामों को लगभग फाइनल टच दिया जा चुका है। इसमें महाकाल पथ, महाकाल वाटिका, रुद्रसागर तालाब के किनारे का डेवलपमेंट शामिल है। यह प्रोजेक्ट दो तरह से तस्वीर बदलेगा। पहला, दर्शन आसान होंगे, दूसरा, दर्शन के साथ लोग धार्मिक पर्यटन भी कर पाएंगे। परिसर में घूमने, ठहरने, आराम करने से लेकर सभी सुविधाएं होंगी। काशीविश्वनाथ कॉरिडोर पर ८०० करोड़ रुपये खर्च हुए, महाकाल कॉरिडोर का बजट 75० करोड़ बताया जा रहा है। काशीविश्वनाथ का एरिया पहले तीन हज़ार वर्ग फीट था, अब पांच हेक्टेयर है। महाकाल का एरिया पहले 2.82 हेक्टेयर था अब 2०.23 हेक्टेयर हो गया है। काशी विश्वनाथ में 3०० मीटर का कॉरिडोर है और महाकाल में ९०० मीटर का कॉरिडोर है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के लिए 315 भवनों का अधिग्रहण किया गया, जबकि महाकाल कॉरिडोर के लिए 152 भवनों का अधिग्रहण किया गया।काशी विश्वनाथ मन्दिर को गंगा से जोड़ा गया और महाकाल मन्दिर को शिप्रा नदी से जोड़ा गया। महाकाल कॉरिडोर में मुख्य द्वार से लेकर मन्दिर के द्वार तक 92 प्रतिमाएं मिलेंगी, इनकी विशेषता यह है कि सभी में क्यू आर कोड है स्केन करते ही प्रतिमा का विवरण मिल जाएगा। महाकाल कॉरिडोर के लोकार्पण के समय देव दीपावली जैसा वातावरण होगा। पहले कमलनाथ सरकार ने 300 करोड़ की योजना बनायी थीं मार्च 2०2० में कमलनाथ सरकार गिरने के बाद शिवराज सरकार ने नये सिरे से प्रोजेक्ट बनाया। अभी पहले चरण का काम पूरा हुआ है। कॉरिडोर के निर्माण से मन्दिर की सुंदरता और बढ़ जाएगी। साथ ही कॉरिडोर को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। यहां पर 1०8 आकर्षक स्तंभ बनाए गए हैं, जबकि भगवान शिव के 19० स्वरूप के अलग-अलग मूर्तियों के माध्यम से दर्शन हो रहे हैं। मन्दिर का स्वरूप पहले से कई गुणा निखर कर सामने आया है। विस्तारीकरण योजना के बाद मन्दिर का द्वार बड़ा और आकर्षक बनाया गया है, जिससे श्रद्धालुओं का आवागमन होगा। इस द्वार पर भगवान श्री गणेश और रिद्धि, सिद्धि के साथ नंदी को विराजमान कराया गया है। मुख्य द्वार पर भगवान महाकाल के प्रिय श्लोक को पत्थरों पर अंकित किया गया। यह पूरा परिसर 91० मीटर लंबा है। पत्थरों की आकर्षक दीवार पर भगवान शिव के श्लोक और अलग-अलग स्वरूपों को उकेरा गया है। जिस प्रकार कवि कालिदास की मेघदूतम में महाकाल वन का उल्लेख किया गया है। उसी तर्ज पर प्राचीन स्वरूप को उकेरने के लिए ख्याति नाम कलाकारों ने दिल लगाकर काम किया है। परिसर में ई-रिक्शा के माध्यम से उन श्रद्धालुओं का आवागमन कराया जाएगा, जिन्हें चलने में दिक्कत होगी। परिसर में फूल और प्रसाद की दुकानें भी बनाई गई हैं। प्रधानमन्त्री के आगमन की तिथि तय होने के बाद सुरक्षा कारणों से पूरे परिसर में आवाजाही पर रोक लगा दी गई है, पहले भी आम श्रद्धालुओं का प्रवेश इस मार्ग से नहीं हो रहा था लेकिन अब एहतियात के तौर पर और भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वहां पर निजी सुरक्षाकर्मियों के साथ-साथ पुलिसकर्मियों को भी तैनात कर दिया गया है। महाकाल प्रोजेक्ट के दौरान आठ महीने बाद उज्जैन में बदलाव की एक और बड़ी तस्वीर सामने आई है। यहां महाकाल पथ से सटा हुआ रुद्रसागर तालाब निखर उठा है। आठ महीने पहले तक यहां इतनी जलकुंभी थी कि पानी ढूंढना मुश्किल था। तालाब को साफ-सुथरा बनाने के लिए कई लोगों ने डेढ़ महीने जलकुंभी हटाने के लिए दिन-रात एक कर दिए। 2016 के सिंहस्थ के बाद पहली बार इस तालाब पर फोकस किया गया। रुद्र सागर तालाब महाकाल विस्तारीकरण योजना का हिस्सा है। तालाब में आसपास के सीवेज का गंदा पानी गिरता था। तालाब के कायाकल्प के लिए सबसे पहली परेशानी इसमें मिल रहे गंदे नाले ही थे। 12 हज़ार घरों का सीवरेज रुद्र सागर में गिरता था, मशीनों और मजदूरों की मदद से काम करते गए और रुद्र सागर का सुंदर रूप आकार लेता गया। रुद्र सागर विस्तारीकरण के लिए 2० करोड़ की प्रस्तावित योजना में 1० करोड़ रुपए तो सिर्फ़ सीवरेज रोकने और जलकुंभी हटाने में खर्च हो गए। यही सबसे बड़ा काम भी था। रुद्र सागर का कायाकल्प करने में 9 महीने का समय लगा। तालाब की सफ़ाई में सबसे बड़ी समस्या ये भी थी कि यहां से निकलने वाली मिट्टी कहां रखें। तय हुआ कि सरकारी ज़मीन का यूज किया जाएगा। रुद्र सागर के सौंदर्य के साथ पर्यावरण का भी ध्यान रखा गया। कायाकल्प से पहले हज़ारों पक्षी तालाब में बैठते थे। जब जलकुम्भी और गाद निकाली गई, तो तालाब के बीच में एक आईलैंड तैयार किया गया, ताकि पक्षी यहां आकर बैठ सकें। मुख्यमन्त्री शिवराज सिंह चौहान ने एक बैठक में आदेश दिया था कि ब्रिज को बेहद सुंदर बनाया जाए। ब्रिज पर लाइटिंग भी की जाए। ब्रिज की डिजाइन तैयार कर ली गई है। अब दूसरे फेज में ब्रिज का निर्माण शुरू होगा।

**चार तीर** -सुनील 'उत्सव'

'अंधेरे' 'रौशनी' 'पुस्तकें' 'शायर'

कुछ न हो पाएगा उसका, कुछ न कर पाएगा वो,
जो अंधेरे को भी 'उत्सव' रौशनी कहने लगे।
पुस्तकें छपवा के भी शायर न बन पाएगा वो,
कुछ का कुछ लिखकर जो उसको शायरी कहने लगे।



# श्रीराम कथा का भक्ति संगीत के संगम के बीच हुआ समापन

मुजफ्फरनगर, 20 सितम्बर ( बु. )। राष्ट्रीय संत अरविंद जी महाराज आगरा वालों के श्रीमुख से श्रीराम कथा का आयोजन 12 सितंबर से बीस सितंबर तक अर्पण बैंकट हॉल महावीर चौक पर पूर्ण श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न किया गया। इस बीच बड़ी संख्या में पंडाल में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रतिदिन सांय 3 से छह बजे सायं तक पूर्व भक्तिभाव के बीच महाराज श्री से श्री रामकथा का श्रवण कर धर्म लाभ उठाया। श्री हरि सत्संग सेवा समिति की ओर से सप्ताहभर आयोजित श्रीराम कथा रस वर्षा महोत्सव के अंतिम दिवस कथा व्यास राष्ट्रीय संत अरविन्द जी महाराज ने भक्तों को धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए कथाओं का श्रवण करने का आह्वान किया। कथा के अंतिम दिन सुंदरकाण्ड का वर्णन करते हुए उन्होंने लंका दर्शन आदि घटनाओं का विस्तृत वर्णन किया। इसके साथ उन्होंने भगवान श्री राम द्वारा रावण वध एवं प्रभु श्रीराम के अयोध्या के राजसिंहासन पर आरूढ़ होने का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने गौवंश और वृद्धों को विशेष रूप से ध्यान दिए जाने की जरुरत पर बल दिया, ताकि बुजुर्गो को बाद में अपनों से बिछुड़ने का दर्द न सहना पड़े। समापन अवसर पर कथा के संयोजक श्रवण कुमार सर्राफ ने बताया कि कथा में महामंडलेश्वर स्वामी केशवानंद जी महाराज, प्रमुख उद्यमी भीम कंसल, पालिका चेयरमैन अंजू अग्रवाल, भाजपा के जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला के अलावा पूर्व विधायक अशोक कंसल, अरविंद राज शर्मा, राकेश शर्मा ने महाराज श्री का कथा में पहुंच आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं मुख्य यजमान अरविंद बंसल व कथा का ध्वजारोहण बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ द्वारा किया गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से अनिल नामदेव, ब्रह्म प्रकाश शर्मा, जनार्दन शर्मा, सतीश सर्राफ, विकास गर्ग, रविंद्र जैन, बाल किरण, संतोष शर्मा, सरिता अग्रवाल, बृजमोहन शर्मा, एनपी निगम, अरूण चौधरी, एके पाठक, रविंद्र गुप्ता एडवोकेट, राधिका तायल, नरेश शर्मा ट्रांसपोर्टर, ओमपाल वर्मा, बीडी शर्मा, सरोज शर्मा, कन्हैया लाल, सुभाष मित्तल, प्रदीप मित्तल, अशोक गोयल आदि का मुख्य रूप से सहयोग रहा।

## तीन साल पहले मदरसे से चोरी हजारों किताबें जौहर यूनिवर्सिटी में दबी मिलीं

रामपुर, २० सितंबर ( वार्ता )। सपा नेता आजम खां की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। हाल ही में जौहर यूनिवर्सिटी में खुदाई के दौरान नगर पालिका की स्वीपर मशीन बरामद हुई थी। वहीं अब पुलिस को चोरी की हजारों किताबें मिली हैं। ये किताबें आलिया मदरसे की हैं। विधायक अब्दुल्ला आजम के रिमांड पर लिए गए दोस्तों से पुलिस ने पूछताछ की जिसके बाद पुलिस ने जौहर यूनिवर्सिटी में खुदाई की। इस दौरान उन्हें तीन साल पहले आलिया मदरसा से चोरी की किताबें मिली। ये किताबें मेडिकल कॉलेज की लिफ्ट में दबाई गई थीं। भारी मात्रा में किताबें मिलने के बाद पुलिस ने कैंपस में खुदाई का काम शुरू कर दिया है।

# केंद्रीयमंत्री के विरुद्ध गठवाला खाप २५ सितंबर को थाने के सामने करेगी प्रदर्शन

बुढ़ाना, २० सितम्बर (बु.)। स्थानीय ब्लॉक के पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने दो टूक शब्दों में कहा कि बुढ़ाना ब्लॉक के सभी गांवों में विकास कार्य ठप्प कराने वाले केंद्रीय मंत्री के खिलाफ २५ सितंबर को बिगुल बजाया जायेगा और गठवाला खाप इसी दिन फुगाना थाना के सामने ध ारना प्रदर्शन कर विरोध प्रकट करेगी। श्री मलिक आज बुढ़ाना ब्लॉक में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सवा साल से बुढ़ाना ब्लॉक के सभी गांवों में विकास कार्य ठप्प हैं। ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए वर्क आर्डर का भरोसा पाकर ठेकेदारों ने गांवों में रास्ते बना दिए थे। अब उन ठेकेदारों को भुगतान नहीं किया जा रहा और न ही उनको उनका मेटीरियल उठाने दिया जा रहा। रतनपुरी पुलिस ने गांव कल्याणपुर में एक जगह काम बंद करवा दिया। ये काम किसके इशारे पर बंद हुआ ये भी जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री ने बुढ़ाना ब्लॉक के सभी विकास कार्य ठप्प करवा दिए। गांवों में समस्याओं का अंबार है। ग्रामीण परेशान हैं। क्षेत्र का विकास हो ये भाजपाई नहीं चाहते। इन भाजपाइयों ने ये तय कर लिया है कि विकास कार्य नहीं होने देंगे। इन्होंने इस बात को अपनी प्रतिष्ठा का प्रशन बना लिया है। वे चाहते हैं कि ब्लॉक प्रमुख पाल्लो देवी के अधिकार सीज हों। इन लोगों का प्रमुख निधि का पैसा हड़पने का प्लान है। उन्होंने कहा कि मैं मलिक खाप से आता हूं। मलिक खाप का विरोध भाजपाइयों द्वारा किया जा रहा है। क्या आगे भाजपा को मलिकों की वोट नहीं चाहती। उन्होंने कहा कि इसके विरोध में हम फुगाना थाने के सामने २५ सितंबर को एक विशाल पंचायत कर विरोध करेंगे और कोई बड़ा ही निर्णय लेंगे। गठवाला खाप को इसमें आमंत्रित किया जायेगा। इसके लिए जनसंपर्क करेंगे। इसके बाद दूसरी जातियों की पंचायत भी की जायेगी। युवा रालोद नेता अभिषेक पंवार ने कहा कि एक पूर्व जनप्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख पाल्लो देवी का उत्पीड़न करवा रहा है, जिसको हम किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसके लिए २५ सितंबर को फुगाना थाने के सामने ऐतिहासिक पंचायत कर कोई बड़ा निर्णय लेंगे। रालोद नेता बालकिशोर त्यागी ने कहा कि ब्लॉक प्रमुख को सवा साल हो गये शपथ लिए, लेकिन विकास कार्य भाजपा के जनप्रतिनिधियों की बदौलत बंद हैं। ०८ करोड़ रुपए खाते में पडे हैं। ये पैसा हम हड़पने नहीं देंगे। वार्ता में बुढ़ाना ब्लॉक पूर्व प्रमुख विनोद मलिक, सत्यपाल सहरावत, सुरेंद्र सहरावत, संयम पंवार, नियम पंवार, बाल किशोर त्यागी, अभिषेक पंवार व रविन्द्र राठी आदि मौजूद थे।

## कैम्प का विधिवत शुभारम्भ कमान अधिकारी कर्नल सुगंधा शर्मा के निर्देशन में हुआ

मुजफ्फरनगर, २० सितम्बर (बुस.)। आज प्रातः काल लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में ८२ यूपी बटालियन एनसीसी मुजफ्फरनगर द्वारा आईजीसी/ सीएटीसी – २६२ कैम्प का विधिवत शुभारम्भ कमान अधिकारी कर्नल सुगंध शर्मा के निर्देशन में किया गया, जिसमे कैडेट्स को संबोधित करते हुए कर्नल सुगंध शर्मा ने बताया कि कैडेट्स को कैंप में किस प्रकार रहने चाहिए। उन्हें अनुशासन का पालन करना चाहिए, अपना व्यवहार एवम चरित्र उत्तम रखना चाहिए। कैम्प में आईजीसी ट्रेनिंग, Catc की ट्रेनिंग दी जायेगी। इस कैम्प में मेरठ ग्रुप के ४५४ कैडेट्स प्रतिभाग कर रहे है, जिसमे ११३ गर्ल्स कैडेट ३४४ बॉयज कैडेट हैं, जिसमे १०२ कैडेट्स २६ जनवरी को कर्तव्य पथ पर होने वाली परेड में शमिलित होने वाले कैडेट हैं। ये ड्रिल, मार्चपास्ट, फ्लैग एरिया ब्रीफिंग, झंडा परेड में भाग लेंगे। इस अवसर पर एडम अफसर कर्नल बकुल गोसाई, मेजर शशि मेहता, कैंप एजुटेंट कैप्टन वी के एस चौहान, कैप्टन शशांक भारती, चीफ ऑफिसर सत्येंद्र तोमर, द्वितीय अफसर जयवर्धन, तृतीय अफसर राजकमल वर्मा, सूबेदार मेजर मेहर सिंह सूबेदार अक्षय कुमार सूबेदार धर्मपाल सूबेदार अनंगपाल आदि मौजूद रहे।



# निःशुल्क कैम्प में 163 मरीजों का परीक्षण

मुज़फ्फरनगर, 2० सितंबर ( बु. )। स्वर्गीय राजकली और रामेश्वरदयाल नामा ( भगत जी ) की पुण्य स्मृति में गऊशाला रोड पर आयोजित निशुल्क होम्योपैथिक कैम्प में 163 मरीजों का परीक्षण करने के साथ उन्हें निःशुल्क दवाई वितरित की गयी। चिकित्सकों ने कहा कि होम्योपैथिक से तमाम असाध्य रोगों का इलाज किया जा सकता है। श्री देवव्रतनामा परिवार और डिस्ट्रिक्ट होम्यापैथिक वैलफेयर एसोसिएशन एवं श्री नामदेव जनसेवा मंच की ओर से आयोजित होम्योपैथिक शिविर का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। होम्यापैथिक एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. विनय शर्मा, डॉ. गौरव पाठक, डॉ. धर्मेश, डॉ. मोहित मलिक, डॉ. मनीष, डॉ. राहुल, डॉ. सौरभ, डॉ. अजय शर्मा, डॉ. जेबी गुप्ता आदि ने ब्लड प्रेशर, शुगर, बवासीर, पुरानी खांसी, एलर्जी, तेजाब, गैस, थायरॉइड, कब्ज आदि के मरीजों का परीक्षण करने के साथ उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित की। डॉ. गौरव पाठक ने कहा कि आज के बदलते युग में हॉम्योपैथिक असाध्य रोगों में कारगर तरीके से काम कर रही है। खासतौर से शुगर, ब्लड प्रेशर, थायरॉइड और चर्म रोगों में होम्योपैथिक के परिणाम चौंकाने वाले हैं। सबसे बड़ी बात मरीजों को आराम मिलना चाहिए, चाहे वह एलोपैथिक हो या होम्योपैथिक हर पैथी की अपनी अलग महत्ता है। शिविर से जुड़े प्रमोद टांक ने बताया कि कैम्प में 163 मरीजों को उपचार के साथ फ्री में दवाई वितरित की गयी। मन्नूलाल नामदेव, प्रमोद टांक, प्रदीप कुमार, अजय नामदेव, प्रमोद, गोपाल सिंह, अनिल नामदेव, गीता शर्मा, राजेन्द्र भगत जी, प्रथम भारद्वाज आदि इस दौरान मौजूद रहे।



# आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग

मुजफ्फरनगर, 2० सितम्बर ( बु. )। विवाहिता की हत्या के मामले में कार्यवाही की मांग करने पर उसके मायके वालों को धमकी दी जा रही है। पीड़ित परिवार ने अधिकारियों से कार्यवाही की गुहार लगाई है। सहारनपुर जनपद के थाना गंगोह के गांव कुन्डाकलां निवासी नदीम व उस्मान का आरोप है कि 13/14 सितम्बर 2022 की रात में उन्हें अपनी बहन फरमीना की मौत की खबर मिली। जब वे अपनी बहन की ससुराल गांव दाहखेड़ी थाना सिखेड़ा पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि उनकी बहन मृत अवस्था में चारपाई पर पड़ी थी तथा उसकी ससुराल वाले कोई भी घर पर मौजूद नहीं थे। आरोप है कि जब वह रिपोर्ट दर्ज कराने जा रहे थे, तभी उनकी बहन की ससुराल पक्ष के लोगों ने उन पर हमला कर मारपीट की, जिसमें उन सहित कई परिजन घायल हो गए। पीड़ितों ने अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही कराने की गुहार लगाई है।


REQUIRE
SANMATI INFRAESTATE PVT. LTD.
1. SENIOR ACCOUNTANT
Qualification : Inter CA/M.com/B.com
Experience : 10 year experience in manufacturing industry.
2. PURCHASE HEAD
Experience : 5 year.
3. RELATIONSHIP HEAD
Qualification : BBA/MBA
Experience : 5 year
Contact : 8433185286
Interview time : 4 PM to 6 PM at 43A, Kukra Mandi, Naveen Mandi Sthal, Muzaffarnagar


# गोवर्धन पूजा के माध्यम से बताई भक्ति में शक्ति की महिमा

मुजफ्फरनगर, 2० सितम्बर ( बु. )। भोपा रोड वृंदावन गार्डन में सात दिवसीय श्री मद्भागवत कथा के 5वें दिन की शुरूआत भगवान श्री कृष्ण के भजनों से हुई। श्री वृंदावन से पधारे कथा व्यास आचार्य धर्मेन्द्र उपाध्याय जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, माखन चोरी तथा गोवर्धन पूजा की कथा श्रद्धालुओं को सुनाई। आचार्य धर्मेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक हैं। भगवान कृष्ण ने बचपन में अनेक लीलाएं की। उन्होंने कहा कि बाल कृष्ण सभी का मन अपनी लीलाओं के द्वारा मोह लिया करते थे। वहीं नटखट स्वभाव के चलते यशोदा मां के पास उनकी हर रोज शिकायत आती थी। मां उन्हें कहती थी कि प्रतिदिन तुम माखन चुरा के खाया करते हो, तो वह तुरंत मुंह खोलकर मां को दिखा दिया करते थे कि मैंने माखन नहीं खाया।



महाराज श्री ने कहा कि भगवान कृष्ण अपनी सखाओं व गोप-ग्वालों के साथ गोवर्धन पर्वत पर गए थे। वहां गोपिकाएं 56 प्रकार का भोजन रखकर नाच गाने के साथ में उत्सव मना रही थी। कृष्ण के पूछने पर उन्होंने बताया कि आज के दिन देवों के स्वामी इंद्र का पूजन होता है। इसे इंद्रोज यज्ञ कहते हैं। इससे प्रसन्न होकर इंद्र व्रज में वर्षा करते हैं, जिससे प्रचुर अन्न पैदा होता है। भगवान कृष्ण ने कहा कि इंद्र में क्या शक्ति है। उनसे अधिक शक्तिशाली तो हमारा गोवर्धन पर्वत है। इसके कारण ही वर्षा होती है। हमें इंद्र से भी बलवान गोवर्धन की पूजा करनी चाहिए। बहुत विवाद के बाद श्री कृष्ण की यह बात मानी गई और व्रज में गोवर्धन पूजा की तैयारियां शुरू हो गई। इस दौरान श्रद्धालु भक्ति के सागर में मंत्रमुग्ध दिखे। श्रीमद् भागवत कथा में सत्यनारायण अग्रवाल, किसान चिंतक कमल मित्तल, अजय गर्ग, सुनील कुमार गोयल, नीरज कुमार अग्रवाल, प्रवीण कुमार गोयल, संजीव कंसल, राम अवतार, सतपाल मित्तल, कमल कांत गोयल, पंकज गुप्ता एवं राधे-राधे परिवार के सभी सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।



# समर्पण भाव से पुकारने पर प्रभु मदद को दौड़े आते हैं : मिश्रा

मुजफ्फरनगर, 2० सितम्बर ( बु. )। कचहरी परिसर में स्थित प्राचीन सिद्ध श्री चंद्रेश्वर महादेव मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत कथा की अमृत वर्षा करते हुए कथा व्यास पंडित श्याम शंकर मिश्रा ने कहा कि यदि प्रभु की शरणागति में जाकर समर्पण भाव से उन्हें पुकारा जाए तो वें हर समय सहायता के लिए दौड़े चले आते हैं। मंगलवार को कचहरी परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन पंडित श्याम शंकर मिश्रा ने भगवान विष्णु के वामन अवतार प्रसंग को विस्तार से श्रद्धालुओं को बताया। उन्होंने राक्षस कुल में उत्पन्न राजा बलि की दान वीरता के बारे में बताते हुए कहा कि जब उन्होंने वामन रूप में आए भगवान विष्णु को तीन पग धरती दान में देने का संकल्प लिया तो प्रभु ने अपना विराट रूप धारण कर दो पग में पृथ्वी व आकाश को नाप दिया। राजा बलि के सिर पर तीसरा पग रखते हुए भगवान वामन ने उन्हें पाताल लोक में भेज दिया। कथा व्यास पंडित श्याम शंकर मिश्रा ने गजराज और मगरमच्छ के सहस्त्रों वर्षो तक चले युद्ध को विस्तार से बताते हुए कहा कि जब गजेंद्र पर मगरमच्छ भारी पड़कर उसे पानी में खींच ले गया तो उसने अपनी सूंड से कमल का पुष्प भगवान के चरणों में अर्पित करते हुए उन्हें आर्त भाव से पुकारा। भगवान अपने शरणागत भक्त गजराज की रक्षा के लिए दौड़े आए और सुदर्शन चक्र से मगरमच्छ का वध कर गजराज की प्राण रक्षा की। संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में समुद्र मंथन का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु कथा ज्ञान रस में सराबोर हो गए। इस अवसर पर यजमान अभिनव कुच्छल, मुख्य अतिथि बार संघ के महासचिव सुरेंद्र कुमार मलिक, कथा संयोजक एडवोकेट प्रवीण अरोरा, भाजपा नेता कुलदीप गोयल, श्याम लाल बंसल, अधिवक्ता शिशु कांत गर्ग, चंद्रमणि शर्मा, अरूण वर्मा, अनुज स्वरूप बंसल, बृजपाल वर्मा, रामफल सिंह पुंडीर आदि के व्यास पीठ की पूजा करने के साथ ही कथा पंडाल में गो पूजन किया।

# घर में घुसकर गाली-गलौच कर मां-बेटी से मारपीट

भोपा, २० सितम्बर (बु.)। कस्बा भोकरहेड़ी में घर घुसकर पड़ोसी युवक ने गाली-गलौच करते हुए मां-बेटी के साथ मारपीट की। पीड़िता ने अपनी जान का खतरा बताते हुए थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी निवासी दिलशाना ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि मंगलवार की सुबह वह और उसकी माता अनवरी के साथ घर पर काम कर रही थी कि तभी मौहल्ले का ही एक युवक आया। आरोप है कि युवक ने अकारण की उसके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी, जिसे देखकर मेरी माता ने मुझे बचाने का प्रयास किया, तो आरोपी उनके साथ भी गाली-गलौच करने लगा। शोर शराबे की आवाज सुनकर आस पड़ोस के कई लोग आ गए, जिन्हें आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। आरोपी आपराधिक किस्म का व्यक्ति है, जो पहले भी जेल जा चुका है। प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# लायंस क्लब दिव्य ने 5 रुपये में खिलाया भरपेट भोजन

मुजफ्फरनगर, 2० सितंबर ( बु. )। महंगाई के इस दौर में लोगों को केवल 5 रुपये में भरपेट भोजन करने की अनोखी समाजसेवा की कड़ी में मंगलवार को लायंस क्लब दिव्य मुजफ्फरनगर की टीम के द्वारा जानसठ रोड पर दिव्य रसोई का आयोजन किया गया। इसमें लोगों को 5 रुपये में भरपेट भोजन कराया गया। कार्यक्रम में सैंकड़ें लोगों के द्वारा पहुंचकर जहां क्लब सदस्यों के प्रयासों की सराहना की गयी, वहीं 5 रुपये का भुगतान कर भरपेट भोजन किया गया। इस दौरान व्यवस्था बनाने में क्लब की पूरी टीम जुटी रही। शहर के जानसठ रोड ओवरब्रिज मोड पर मंगलवार को लायंस क्लब दिव्य मुजफ्फरनगर की टीम द्वारा दिव्य रसोई का आयोजन किया गया।



इस कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब के अध्यक्ष सुनील कुमार जैन, संदीप सिंघल और अमित गोयल द्वारा किया गया। इस दिव्य रसोई में लोगों को 5 रुपये की टोकन मनी पर भरपेट भोजन करने की सुविधा प्रदान की गयी। क्लब अध्यक्ष सुनील कुमार जैन ने बताया कि पूरी टीम के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 5 रुपये की टोकन मनी पर लोगों को भरपेट भोजन कराया गया है। दिव्य रसोई में 5 रुपये में छोले चावल और आलू पूरी की व्यवस्था की गयी थी। पूरी टीम का इसमें सहयोग रहा और सैंकड़ों लोगों ने यहां पहुंचकर टोकन मनी के भुगतान पर भरपेट भोजन किया। लोगों ने भी यहां पर की गयी भोजन की व्यवस्था को लेकर क्लब टीम के प्रयासों को सराहनीय बताते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन ज्यादा होने से जरूरतमंद लोगों को राहत मिलती है। कार्यक्रम संयोजक अनिल बिन्दल, संदीप सिंघल और अमित गोयल भी पूरी टीम के साथ लोगों की सेवा करने में जुटे रहे। पूरी टीम में उत्साह बना रहा। क्लब के सचिव सुलेख कुमार मित्तल ने बताया कि इस प्रकार का आयोजन क्लब के द्वारा समय समय पर किया जाता है। आगे भी क्लब सदस्यों के सहयोग से इस प्रकार की रसोई कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्लब अध्यक्ष सुनील कुमार जैन, सचिव सुलेख कुमार मित्तल, कोषाध्यक्ष अमित गोयल ने सभी सहयोगियों का आभार जताया और आने वाले लोगों का स्वागत करते हुए अन्य अतिथियों व क्लब सदस्यों के साथ मिलकर उनको भोजन परोसा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुनील जैन, सुलेख मित्तल, अमित गोयल, जितेन्द्र जैन टोनी, अनिल बिन्दल, संदीप सिंघल, अमित गोयल, श्रवण गर्ग, अंकित बिन्दल, दीपक शर्मा, रामकुमार त्यागी, शलभ गुप्ता, अमित कुमार, सुधांशू कुमार आदि मौजूद रहे।

## धोखाधड़ी कर ३० हजार निकाले

मीरापुर, २० सितम्बर (बु.)। गढ़ी मुझेड़ा गांव निवासी दिलशाद ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि एक ठग ने फोन कर उसके खाते में रुपये भेजने की बात कहते हुए उसके खाते में रुपये न भेजकर उसको फोन-पे पर रुपये भेजने के लिए रिक्वेट भेजी थी। आरोप है कि जैसे ही उसने पासवर्ड डाला, तो उसके खाते से पांच बार में करीब ३० हजार रूपये कट गए। पीड़ित को इसकी जानकारी तब लगी, जब फोन पर खाते से रुपये निकलने के मैसिज आए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मोदी के जन्मदिन पर भाजपाईयों ने चलाया स्वच्छता अभियान

खतौली, २० सितम्बर (बु.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर पार्टी हाईकमान के निर्देशानुसार स्वच्छता अभियान चलाते हुए पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष यशपाल पंवार के नेतृत्व में भाजपाईयों ने लौहपुरुष सरदार पटेल की मूर्ति पर गगनभेदी नारों के साथ माल्यार्पण किया। मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर भाजपाईयों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेता यशपाल पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की सफल नीतियों से जहां विश्व में भारत का गौरव बढ़ा है, वहीं उनके द्वारा चलाये गये अभियानों में देश की जनता ने धर्म, जाति से हटकर राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत होकर अभियानों में स्वेच्छा से सहभागिता निभाई तथा एक सच्चे राष्ट्रप्रेमी की भूमिका अदा की। उन्होंने कहा कि इसके साथ-साथ प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार भी जहां सभी वर्गों के उत्थान के साथ-साथ प्रदेश के विकास के लिए सफल साबित हो रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा कि देश में भाजपा का निरंतर बढ़ता जा हरा जनाधार व देशवासियों में बना विश्वाव वास्तव में सरकार की विकासकारी नीतियों का जीता जागता उदाहरण है। पूर्व जिलाध्यक्ष ने इस अवसर पर पार्टी हाईकमान के निर्देशानुसार घोषित आयोजनों को निष्ठापूर्वक भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सफल बनाने का आह्वान करते हुए पर्यावरण बनाये रखते हुए स्वच्छता अभियान को अपने जीवन में अपनाने पर बल दिया गया। इससे पूर्व वरिष्ठ भाजपा नेता यशपाल पंवार के नेतृत्व में भाजपाईयों द्वारा जी.टी. रोड स्थित लौहपुरूष सरदार पटेल की मूर्ति पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। तत्पश्चात गगनभेदी नारों के साथ भाजपाईयों द्वारा सरदार पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर अमित जैन, मदन छाबड़ा, सत्येन्द्र पाल आर्य, राकेश प्रजापति, अजय गुप्ता, अनुज सहरावत, माधव गुप्ता, नरेश पांचाल, डी.के. जैन, उमेश कुमार, गुरूदत्त अरोरा सभासद, अश्वनी बाल्मीकि, प्रमोद शर्मा एड., व्यापारी नेता रवि ग्रोवर, अमित त्यागी, आदेश मोतला, बृजेश भण्डरी, विनोद राजपूत, विनित ठाकुर, सुन्दर धारीवाल, मोहित जैन, कंवर सैन जैन आदि सहित भारी संख्या में भाजपाई मौजूद थे।

एक तरफ सफाई और दूसरी तरफ कूड़े के अम्बार।



# भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुरू किया स्वच्छता अभियान

मुजफ्फरनगर, 2० सितम्बर ( बु. )। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस से प्रारंभ हुए सेवा पखवाड़े के तहत आज स्वच्छता अभियान चलाया। इस बीच भाजपा उपाध्यक्ष, कार्यक्रम संयोजक नितिन मलिक ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनपद की दोनों नगर पालिका और 8 नगर पंचायतों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रत्येक पालिका क्षेत्र और नगर पंचायत क्षेत्र में प्रमुख भाजपा नेताओं ने पहुंचकर झाड़ू लगाते हुए श्रम दान किया। कार्यकर्ताओं संग आज हजारों लोगों ने जिले के अंतर्गत सभी नगरों के वार्डों में सफाई एवं स्वच्छता की। मुजफ्फरनगर नगर पालिका परिषद क्षेत्र में भाजपा जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला, महामंत्री सुषमा पुण्डीर, उपाध्यक्ष नितिन मलिक, खतौली में पूर्व जिला अध्यक्ष यशपाल पंवार, शाहपुर में पूर्व जिलाध्यक्ष देववृत त्यागी, खतौली में पूर्व जिलाध्यक्ष रूपेन्द्र सैनी, भोकरहेड़ी में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, सिसौली में महामंत्री विनीत कात्यायन, मीरांपुर में ब्लॉक प्रमुख अमित चौधरी, बुढ़ाना में ब्लॉक प्रमुख गौरव पंवार, पुरकाजी में संजय अग्रवाल और चरथावल में जिला महामंत्री विजय सैनी ने जाकर स्वच्छता अभियान की जिम्मेदारी संभाली। इस अवसर पर संपन्न कार्यक्रमों में पालिकाध्यक्ष और नगर पंचायतों के चेयरमैन भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# सेवावीरों की मेहमान नवाजी से गद्‌गद् भावी अग्निवीर

मुजफ्फरनगर, 20 सितंबर (बु.)। अग्रिवीर भर्ती के लिए आए युवा शहर की मेहमान नवाजी देखकर जहां खुश हैं, वहीं भर्ती के लिए आए सेना के अधिकारी भी इसकी प्रशंसा करते नहीं थक रहे हैं। आज वेदांता फार्म्स पर कल से करीब दो गुने युवा उमड़े। वहां उनकी सेवा में जुटे प्रमुख उद्यमी भीम कंसल ने कहा कि कितने भी युवा आएं उन्हें सबकी सेवा का मौका मिल रहा है। भीम कंसल के साथ प्रमुख उद्यमी सतीश गोयल और राकेश बिंदल भी पूरी तन्मयता से भर्ती के लिए आए युवाओं की सेवा में जुटे हैं।

सेना में अग्रिवीर भर्ती का आज पहला दिन था। हालांकि दूसरे दिन की तैयारी के लिए युवाओं के आगमन का क्रम आज भी जारी रहा। ऐसे में प्रशासन द्वारा उद्यमियों के सहयोग से वेदांता फार्म्स पर की गई युवाओं के ठहरने और उनके भोजनादि की व्यवस्था पूरे प्रदेश और देश के लिए एक उदाहरण बन रही है। केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ.संजीव बालियान की पहल पर जिले के तमाम उद्यमी इस सेवा कार्य में जुटे तो काम काफी आसान हो गया। इस व्यवस्था के बाद इधर उधर भटकने के बजाय अधिकांश युवा सीधे वेदांता में पहुंच रहे हैं। वहां उनके विश्राम के लिए जहां गद्दे बिछाए गए हैं, वहीं भोजन की पूरी व्यवस्था सेवा वीर उद्यमियों भीम कंसल, सतीश गोयल और राकेश बिंदल ने संभाल रखी है।

पिछली भर्ती के दौरान कई स्थानों पर भर्ती के लिए युवा ठहर रहे थे। इसके अलावा तमाम स्थानों पर उन्हें भटकते देखा जा सकता था। खासतौर से स्टेडियम से सटी जाट कॉलोनी और नुमाइश कैंप में कुछ युवाओं द्वारा उधम मचाए जाने से वहां तनाव भी हो गया था। इस बार नजारा अलग है। इन कॉलोनियों की ओर मेरठ रोड से जाने वाले रास्ते को बंद करने के बाद अब सीधे मेरठ रोड पर ही युवा पहुंच रहे हैं। इसके बाद वे वेदांता पहुंचकर वहां भोजन और विश्राम में रहते हैं और मध्य रात्रि से उनका भर्ती के लिए कतारबद्ध होने का क्रम शुरू हो जाता है।

आज युवाओं की सेवा में जुटे उद्यमी भीम कंसल ने बताया कि कल के मुकाबले आज दोगुने युवा भर्ती के लिए पहुंचे। ऐसे में सभी के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। आज युवाओं व उनके साथ पहुंचने वालों का आंकड़ा आठ हजार के पार चला गया। ऐसे में तत्काल भोजन की व्यवस्था को बढ़ाना पड़ा। हालांकि भंडारे आयोजित करने में महारथ हासिल कर चुके भीम कंसल को इसमें कोई बड़ी मुश्किल पेश नहीं आई और युवाओं के लिए फटाफट भोजन की व्यवस्था का विस्तार किया गया। कल खुद केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ.संजीव बालियान वहां मौजूद थे, लेकिन आज उनके भाई विवेक बालियान उद्यमियों के साथ युवाओं की सेवा में जुटे दिखाई दिए। भर्ती रैली में आए युवाओं का कहना था कि उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी कि ऐसी सुंदर व्यवस्था उन्हें यहां पर मिलेगी। उन्होंने इसके लिए व्यवस्था में लगे उद्यमियों के साथ केंद्रीय राज्यमंत्री का भी आभार जताया। कल से चल रही इस व्यवस्था के चर्चे चारों ओर होने के बाद आज सेना के अधिकारी भी गुपचुप तरीके से मौके पर पहुंचे और वहां उन्होंने व्यवस्थाओं को देखा। वे भी इन व्यवस्थाओं को लेकर खासे प्रसन्न नजर आए। उन्होंने इसके लिए वहां सेवा में लगे उद्यमियों की पीठ ठोंकी। भोजनादि की व्यवस्था के साथ सबसे अधिक जिम्मेदारी सफाई व्यवस्था को लेकर होती है। अभी तक इस व्यवस्था में भी आयोजक काफी हद तक सफल रहे हैं, क्योंकि हजारों की भीड़ और भोजन के बाद फैली गंदगी को समेटना भोजन की व्यवस्था से भी बड़ा काम है।

➲प्रमुख उद्यमी भीम कंसल के साथ सतीश गोयल और राकेश बिंदल की व्यवस्था की सराहना

➲आज पहुंची कल के मुकाबले दोगुनी भीड़, लेकिन सेवावीरों के हौसले और उफने



वेदांता फार्म्स हाउस में अग्रिवीर भर्ती के लिए आए युवाओं को भोजन परोसते उद्यमी भीमकंसल तथा विवेक बालियान व मैदान पर भोजन ग्रहण करते युवा।



रोडवेज बस स्टैंड पर अग्रिवीर भर्ती के लिए आए युवाओं का जोश।



मेरठ रोड पर युवाओं की टोलियां दिनभर विचरण करती नजर आई।

## अग्रिवीर की शर्तों को लेकर क्या कहते हैं भर्ती में आये युवा?

मुजफ्फरनगर, 20 सितंबर (बु.)। क्या युवाओं में अग्रिवीर को लेकर विपक्ष द्वारा मचाए गए शोर शराबे को लेकर कोई घबराहट है। यह जानने के लिए बुलेटिन ने भर्ती के लिए आये युवाओं से बात की तो उनका कहना था कि चार साल की बात से उन्हें झटका तो लगा, लेकिन उम्मीद है कि सरकार इस मामले में आगे कोई नीति बदलेगी। युवाओं का मानना है कि उन्होंने काफी समय सेना में भर्ती के लिए मेहनत की है। ऐसे में सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करना उनका सपना है। इसे लेकर ही वे यहां आए हैं। अग्रिवीर के रूप में चार साल की सेवाओं को लेकर उनका कहना है कि इस पर सरकार को पुनर्विचार करना चाहिए। इसमें बाद में नियमित भर्ती को पच्चीस से बढ़ाकर पचास प्रतिशत किए जाने या फिर यह चार वाली बाध्यता पूरी तरह समाप्त करने का ऑप्शन हो सकता है। इसके अलावा ट्रेंड युवाओं को दूसरा समकक्ष रोजगार देने की व्यवस्था सरकार को करनी चाहिए ताकि वे चार साल बाद बेरोजगारी का सामना ना करें। उन्होंने कहा कि उम्मीद है यह सरकार या आने वाली कोई सरकार इस पर सहानुभूति पूर्वक विचार करेगी।

## भर्ती रैली को लेकर सूचना तंत्र रहा अस्त-व्यस्त

मुजफ्फरनगर, 20 सितंबर (बु.)। भर्ती रैली के लिए पूरे भर्ती स्थल को सेना के अधिकारियों के हवाले किए जाने के बाद संवादहीनता की स्थिति बनी हुई है। इस व्यवस्था के चलते प्रशासनिक व पुलिस के आला अधिकारियों को भी भर्ती स्थल के गेट तक ही जाने दिया जा रहा है। ऐसे में आज अंदर से भर्ती प्रक्रिया को लेकर सूचनाओं को बाहर पाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। प्रशासनिक अधिकारी कुछ बताने की स्थिति में नहीं थे और सेना के जिन अधिकारियों के नंबर थे, वह भी व्यवस्था में जुटे रहने के कारण कुछ बताने की स्थिति में नहीं थे। ऐसे में सूचना तंत्र पूरी तरह से अस्त व्यस्त रहा।

## सीमेंट कम्पनी का अधिकारी बनकर लाखों रुपये की ठगी

मुजफ्फरनगर, 20 सितम्बर (बु.)। सीमेंट कम्पनी का अधिकारी बनकर लाखों की ठगी किये जाने का मामला सामने आया है। इस सम्बन्ध में शहर कोतवाली पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मुस्तफा कॉलोनी निवासी मौहम्मद अकरम राव माहदुल बनात एजूकेशन सोसायटी के सचिव हैं। उन्हें निर्माण कार्य के लिए सीमेंट की जरुरत थी। उन्होंने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उन्होंने गूगल पर सर्च किया, तो अल्ट्राटैक सीमेंट एजेंसी के अधिकारी के नाम से एक मोबाइल नंबर मिला। उक्त नंबर पर बात की, तो उसने अपने आपकों मुंबई स्थित एजेंसी का सेल्स मैनेजर बताया। सीमेंट के बारे में बात करने पर उसने एक हजार सीमेंट के बोरों का कुटेशन भी भेज दिया। इसके बाद अकरम ने आरटीजीएस के जरिए उसके खाते में 2.75 लाख रुपये भेज दिए। उक्त युवक ने अगले दिन सीमेंट भेजने की बात कही। अगले दिन फिर उक्त युवक का फोन आया और एक हजार बोरों के रुपये जमा कराने के लिए कहा। शक होने पर उन्होंने पुलिस और साइबर हेल्प सेंटर को सूचना दी। साइबर टीम ने कार्रवाई करते हुए भेजी गई रकम को होल्ड करा दिया। अब पुलिस ने अकरम की तहरीर पर सेल्स मैनेजर अल्ट्राटेक सीमेंट एजेंसी हैड क्वार्टर अलहूरा सेंटर बरिहान मुंबई के खिलाफमुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 3 अक्टूबर को होगा बुलेटिन के रंगीन संस्करण का श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र वहलना से शुभारंभ

➲मंगलवार को बुलेटिन सम्पादक ने जैन समाज के गणमान्य लोगों के साथ भगवान पार्श्वनाथ के चरणों में लगाई अर्जी

मुजफ्फरनगर, २० सितम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर बुलेटिन समाचार पत्र के ५० वर्ष पूरे होने पर तीन अक्टूबर को मुजफ्फरनगर बुलेटिन अपना रंगीन संस्करण पेश करेगा। बुलेटिन पाठकों के बीच ३ अक्टूबर को बुलेटिन रंग–बिरंगे और नए अंदाज में पहुंचेगा। ऐसे में मुजफ्फरनगर बुलेटिन द्वारा वहलना जैन मंदिर से रंगीन संस्करण के शुभारम्भ का कार्यक्रम किया जायेगा। बुलेटिन पाठकों एवं नगर के सम्मानित लोग उक्त कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। इसी संदर्भ में आज बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने सर्वप्रथम भगवान पार्श्वनाथ के मंदिर में शीष नवाया और वहां पर विधि–विधान से मंत्रोच्चार के बीच अक्षत, नारियल व छत्र चढ़ाकर भगवान पार्श्वनाथ के चरणों में मंगलकामना की। इसके बाद जैन समाज के गणमान्य लोगों वहलना प्रबंध कमैटी के अध्यक्ष राजेश जैन गर्ग डुप्लेक्स, महामंत्री संजय जैन पारस टीएमटी, कोषाध्यक्ष मनोज जैन, प्रवीण जैन हुण्डई, पंकज जैन गांधी टेंट, विप्लव जैन आदि को कार्यक्रम में उपस्थित होने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर मुजफ्फरनगर बुलेटिन सम्पादक ने कहा कि जैन समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित तीन अक्टूबर को परिवार के लोग भी वहलना मंदिर प्रांगण में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक मौजूद रहेंगे। इसके अलावा जिले के सांसद संजीव बालियान, मंत्री कपिलदेव अग्रवाल, पूर्व गन्ना मंत्री सुरेश राणा व जिले के समस्त विधायकगण भी बुलेटिन के निमंत्रण पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।





**शेष : अग्निवीर : करीब ....**

इसके अलावा मैदान के गीला होने से भी उन्हें समस्या का सामना करना पड़ा। सेना भर्ती के दूसरे दिन बुधवार को हापुड़ के युवाओं की भर्ती होगी, जिसके लिए युवा सुबह से ही आने शुरू हो गए थे। रात में इन युवाओं को कतार में लगा दिया गया। इस दौरान कड़ी सुरक्षा के इंतजाम भी किए गए हैं। अग्निवीर सेना भर्ती रैली को सकुशल सम्पन्न कराने तथा सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर द्वारा पुलिस एवं सेना के अधिकारियों के साथ स्टेडियम तथा नुमाईश ग्राउण्ड का किया निरीक्षण। सम्बन्धित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

## वहलना जैन मंदिर जाने वाली सड़क गायब, हर तरफ गड्ढे ही गड्ढे

➲2 अक्टूबर को वहलना में लगने वाले मेले के मद्देनजर टूटी सड़क की सुध लेने को तैयार नहीं विभाग

मुज़फ्फरनगर, 20 सितंबर (बु.)। पश्चिमी उत्तर के जैन तीर्थ वहलना जैन मंदिर का कई-कई फुट गड्ढों वाला मार्ग अपनी बदहाली के आंसू बहा रहा है। सरकार के धार्मिक स्थलों के विकास और सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के दावे यहां पूरी तरह बेमानी हैं। दो अक्तूबर को हर साल की तरह लाखों जैन श्रद्धालु यहां उमड़ेंगे। बार-बार अनुरोध के बावजूद न तो लोक निर्माण विभाग और न ही जनप्रतिनिधि इस टूटी सड़क की सुध लेने को तैयार नहीं है। जाहिर है कि जैन मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को गड्ढों और गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ेगा।

दिल्ली-देहरादून हाइवे पर मुजफ्फरनगर बाईपास से सटा वहलना का श्री दिगम्बर जैन मंदिर पश्चिमी उत्तर प्रदेश का बड़ा जैन तीर्थ माना जाता है। जैन समाज के अलावा यहां दूसरे वर्गों के लोगों की भी आस्था जुड़ी हुई है। भगवान पार्श्वनाथ के दर्शन के साथ यहां की हरियाली भी लोगों के मन को मोह लेती है। हर वर्ष 2 अक्टूबर को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के तमाम जिलों से जैन समाज के लोग यहां पूजा अर्चना के लिए आते हैं। इसी दिन वहलना का सबसे बड़ा मेला भी लगता है। इस बार मेले में 12 दिन का समय शेष रह गया है, लेकिन हाइवे से वहलना जैन मंदिर तक का सफर बेहद कष्टभरा है। सड़कों के बीच कई-कई फुट गहरे गड्ढे हैं, जिसमें बरसात के चलते हुए जलभराव से इलाके के लोगों का जीना मुहाल है। सड़क का कोई ऐसा हिस्सा नहीं बचा है, जहां से वाहन चालक का निकलना सुरक्षित हो। इलाके के लोगों को उम्मीद थी कि वहलना मेले से पहले सड़क का निर्माण हो जाएगा, लेकिन जैसे जैसे दिन बीत रहे हैं, उनकी उम्मीदें टूट रही हैं। वहलना जैन मंदिर के पदाधिकारी सांसद और विधायक से मिलकर टूटी सड़क के निर्माण की मांग कर चुके हैं, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात है। ग्राम प्रधान गुलाब सिंह एडवोकेट की मानें तो यह सड़क लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत आती है। ग्राम पंचायत के पास इस सड़क के बनाने का कोई बजट नहीं है। वह खुद पीडब्ल्यूडी को कई बार सड़क निर्माण के लिए लिख चुके हैं। उन्होंने बताया कि सड़क पूरी तरह टूटी हुई है और हर तरफ गड्ढों की भरमार है। जैसे तैसे उन्होंने पानी की निकासी के लिए नाला तो बनवा दिया है, लेकिन सड़क उनके बूते से बाहर की बात है। जैन मंदिर के लोग भी इस सड़क के निर्माण के लिए प्रयासरत हैं। प्रधान ने बताया कि 2 अक्टूबर को मेले में लाखों श्रद्धालु यहां पहुंचेंगे, ऐसे में प्रशासन और लोक निर्माण विभाग को कम से कम गड्ढों को तो भर देना चाहिए, ताकि जलभराव की समस्या से मुक्ति मिल सके। उधर जैन मंदिर के पदाधिकारियों का कहना है कि वह तो अहिंसा के पुजारी हैं, इस कारण कोई भी उनकी बात सुनने को तैयार नहीं है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इस बड़े जैन तीर्थ के विकास को लेकर सरकार और जनप्रतिनिधि दोनों ही उदासीन हैं।



देश के सुप्रसिद्ध जैन मंदिरों में शुमार अतिशय क्षेत्र दिगम्बर जैन मंदिर वहलना की ओर जाने वाली सड़क का हाल आप भी देखिए, यहां 2 अक्टूबर को देशभर से श्रद्धालु आने हैं



➲जैन मंदिर के सामने टूटी पड़ी रोड व पत्रकारों को जानकारी देते ग्राम प्रधान वहलना



## फिर बौछारों ने दिन की उमस और गर्मी को धोया



मुजफ्फरनगर, 20 सितंबर (बु.)। दिन भर उमस के बाद आज फिर शाम के समय एक बार फिर मौसम ने करवट बदली और थोड़े समय ही सही जोरदार बौछारों से शहर भीग गया। अचानक आई बौछारों से शहर में एक बार भगदड़ मच गई। आज 1.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई और पारा अधिकतम 33.6 और न्यूनतम 24.8 डिग्री रहा। मौसम विभाग के आंकड़े एक बार फिर फेल हो रहे हैं। इस सप्ताह मौसम विभाग ने सूखा रहने के आसार जताए थे, लेकिन सोमवार को जहां 10.2 मिमी बारिश हुई, वहीं आज सुबह से खुले मौसम के बाद गर्म और उमस भरा माहौल रहा। हालांकि दोपहर बाद फिर से अचानक घिर कर आए घने बादलों ने शहर को भिगोया। इसके चलते एक बार फिर मौसम में बदलाव का अनुभव किया गया। हालांकि बारिश थोड़ी देर बाद थम गई और 1.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। रात में भी बादलों के जमाव के साथ बारिश के हालात बने हुए थे। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में भी अभी इसी तरह का मौसम बना रहेगा और भले ही सावन भादों सूचना रहा हो, लेकिन जाते जाते मॉनसून किसानों के आंसू पौंछने का काम कर रहा है। इसके चलते सिंचाई में किसानों को खासी राहत मिली है और फसलों को संजीवनी।

## टॉयलेट में रखा था खिलाड़ियों के लिए लाया खाना, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी निलंबित

लखनऊ, 20 सितंबर (वार्ता)। उत्तर प्रदेश सरकार ने जनपद सहारनपुर में भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान टॉयलेट में खाना रखे होने का फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर खबर का संज्ञान लेते हुए जनपद के क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अनिमेष सक्सेना को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पूरे प्रकरण की जांच जिलाधिकारी सहारनपुर को सौंपी गई है। अपर मुख्य सचिव, खेल, नवनीत सहगल ने बताया कि खाना बनाने व खिलाड़ियों को उपलब्ध कराने वाले ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करते हुए भविष्य में काम न देने की सख्त चेतावनी दी गई है। साथ ही क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी के अधीनस्थ इस कार्यक्रम में खाना परोसने का कार्य करने वाले विभागीय कर्मियों को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश निदेशक खेल को दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने प्रदेश के सभी क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी है कि खिलाड़ियों को सुविधा देने में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

## नई मंडी कोतवाली में धरने पर बैठ गए भाकियू कार्यकर्ता

मुजफ्फरनगर, 20 सितंबर (बु.)। शाहपुर थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की शादी आठ माह पूर्व नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरनगर निवासी युवक से हुई थी। आरोप है कि ससुराल वाले युवती को दहेज की मांग करते हुए प्रताड़ित कर रहे थे। इतना ही नहीं बीते अगस्त माह में युवती ने अपने ससुर पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि इस मामले में पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही थी। मंगलवार को युवती के स्वजन और रिश्तेदार भाकियू जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा के साथ नई मंडी कोतवाली पहुंचे। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग न होने पर जिलाध्यक्ष और अन्य लोग कोतवाली में धरने पर बैठ गए। सूचना मिलते ही सीओ नई मंडी हिमांशू गौरव मौके पर पहुंचे और तीन दिन में कार्रवाई करने का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया।

**शेष : अग्निवीर सेना भर्ती ...**

डीएम के रडार पर आए 4 अफसरों का स्पष्टीकरण मांगा गया है। डीएम चन्द्र भूषण सिंह ने बताया कि अग्रिवीर सेना भर्ती रैली में अनिल कुमार राणा, अधिशासी अभियंता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, वीर सिंह, सहायक चकबंदी अधिकारी जानसठ, मत्स्य नाथ त्रिवेदी जिला विकास अधिकारी एवं प्रदीप कुमार सक्सैना सहा. अभियंता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग अपनी ड्यूटी से गैर हाजिर पाये गये। उन्होंने कहा कि उक्त चारों अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। उन्होंने कहा कि अग्रिवीर सेना भर्ती जैसी महत्वपूर्ण ड्यूटी से अनुपस्थित रहना, कार्य के प्रति लापरवाही एवं उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अग्रिवीर सेना भर्ती प्रक्रिया समाप्त होने तक ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों की चैकिंग की जाती रहेगी और जो अधिकारी ड्यूटी से गैर हाजिर पाया जायेगा उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## बुर्के के खिलाफ ईरान में महिलाओं ने किया उग्र प्रदर्शन, पुलिस फायरिंग में पांच की मौत, सौ से अधिक घायल

नई दिल्ली, 20 सितंबर (वार्ता)। ईरान में बुर्के के खिलाफ बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाओं ने आंदोलन छेड़ दिया है। ये आंदोलन अब सड़क पर उग्र होने लगा है। इतना की पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग कर दी। इसमें पांच की मौत जबकि 100 से ज्यादा के घायल होने की खबर है। 13 सितंबर को ईरान की पुलिस ने 22 साल की महसा अमीनी नाम की लड़की को गिरफ्तार कर लिया था। आरोप था कि उसने बुर्का सही से नहीं पहना था और सिर नहीं ढका था। महसा ईरान के कुर्दिस्तान की रहने वालीं थीं और कुर्द मूल से थीं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, महसा को पुलिस ने कस्टडी में प्रताड़ित किया और खूब पिटाई की। इससे महसा की हालत खराब हो गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां महसा कोमा में चली गईं और फिर 16 सितंबर को महसा की मौत हो गई। इसके बाद ईरान की महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। कुर्दिस्तान से तेहरान तक सैकड़ों की संख्या में महिलाएं सड़क पर आ गईं। महसा की मौत से भड़की मुस्लिम महिलाओं ने आंदोलन छेड़ दिया है। महिलाओं के समर्थन में बड़ी संख्या में पुरुष भी आगे आए हैं। सभी सरकार और पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। महिलाओं की मांग है कि हिजाब को अनिवार्य की जगह वैकल्पिक किया जाए। उनका कहना है कि हिजाब की वजह से वे क्यों मारी जाएं। बुर्के के विरोध में बड़ी संख्या में महिलाओं ने कैंची से खुद के बाल छोटे किए और उसका वीडियो शूट करके सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। इसी तरह सड़कों पर प्रदर्शन करने के दौरान भी महिलाएं अपने हिजाब और बुर्के को उतारकर जला रहीं हैं। जगह-जगह इस तरह के प्रदर्शन हो रहे हैं।

## 208 रन बनाकर भी हारा भारत, ऑस्ट्रेलिया 4 विकेट से जीता

मोहाली, 20 सितंबर (वार्ता)। तीन मैचों की टी-20 सीरीज के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को चार विकेट से हरा दिया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 208 रन बनाए। हार्दिक पांड्या ने 30 गेंदों में 71 रन की नाबाद पारी खेली। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 19.2 ओवर में छह विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। कैमरून ग्रीन ने 30 गेंदों में 61 रन और मैथ्यू वेड ने 21 गेंदों में 45 रन की नाबाद पारी खेली। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है।

## जिला पंचायत अध्यक्ष पति व भाई ने किया सरेंडर

मुजफ्फरनगर, 20 सितंबर (बु.)। ककरौली थानाक्षेत्र के गांव तेवड़ा निवासी जिला पंचायत सदस्य पति मोहम्मद मूसा और उसके भाई प्रधानपति अब्दुल सलाम समेत पांच लोगों पर वर्ष 2016 में एक महिला ने सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में मूसा और अन्य ने गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट से स्टे ले लिया था। अब स्टे की अवधि समाप्त हो गई थी। स्टे की अवधि समाप्त होने पर मंगलवार को मूसा और उसके भाई अब्दुल सलाम ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। जहां से कोर्ट ने दोनों को जेल भेजने के आदेश जारी कर दिए। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया।

## शिवचौक पर शव मिलने से फैली सनसनी

मुजफ्फरनगर, 20 सितम्बर (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र में शिवचौक पर एक व्यक्ति का शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मृतक की उम्र 60 वर्ष के लगभग है। पुलिस का कहना है कि मृतक भिखारी हो सकता है। पुलिस मृतक की पहचान कराने के प्रयास कर रही है, और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है।

## उपचार में लापरवाही पर महिला सहित दो चिकित्सकों पर लाखों का जुर्माना

शामली, २० सितम्बर (बु.)। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने उपचार और आपरेशन में घोर लापरवाही के मामले में शहर की एक महिला चिकित्सक पर ८ लाख ६ हजार रुपये का जुर्माना किया, इसके अलावा मेरठ के एक चिकित्सक पर भी दो लाख रुपये का जुर्माना तथा २० हजार रुपये वाद खर्च जमा करने के आदेश दिए हैं। कस्बा कैराना के मौहल्ला खैलकलां निवासी रिहाना पत्नी गुलजार १० अक्टूबर २००८ को ३४ हफ्ते की गर्भवती थी। वह अपने पति के साथ अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट लेकर डिलीवरी टाईम चैकअप कराने के लिए शहर के संजीवन हॉस्पिटल की महिला चिकित्सक डॉ. पवना मलिक के यहां पहुंची। महिला का आरोप है कि चिकित्सक ने उसकी जांच पड़ताल इतनी बेरहमी से की कि उसे रक्तस्राव जारी हो गया, जिस पर महिला के पति को चिकित्सक ने तत्काल ऑपरेशन कराने के लिए मजबूर किया, जिसके लिए उससे ११ हजार रुपये लिए गये। १० सितम्बर को महिला ने नर्सिंग होम में पुत्र को जन्म दिया और वह १० दिन नर्सिंग होम में भर्ती रही। घर लौटने के बाद भी महिला की परेशानी कम नहीं हुई, जिसके लिए उसने चिकित्सक से शिकायत की, लेकिन महिला चिकित्सक ने उसे टालमटोल कर दिया। बाद में महिला को रेफर स्लिप देकर डॉ. यश अग्रवाल जीवन प्रकाश हॉस्पिटल मुजफ्फरनगर रेफर कर दिया। जहां चिकित्सक ने एक माह तक ईलाज किया, लेकिन वह ठीक नहीं हो सकी, जिस पर २७ दिसंबर २००८ को महिला ने मेरठ के यूरोलॉजिस्ट डॉ. पंकज मित्तल से उपचार करा, लेकिन वहां भी उसे कोई राहत नहीं मिली। इस दौरान उसके काफी रुपए खर्च हो गये। बाद में महिला का उपचार मेरठ के ही जसवंत राय हॉस्पिटल में हुआ, जहां १८ मई २००६ को अस्पताल के चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर महिला की बच्चेदानी को निकाल दिया। पीड़िता ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में वाद संख्या २६६ सन् २००६ दायर किया, जिसमें उसने ऑपरेशन और उपचार के दौरान हुई लापरवाही से खर्च, अंग–भंग तथा क्षतिपूर्ति की भरपाई की मांग करते हुए कहा कि यह अनुचित व्यापार व्यवहार अपनाकर सेवा में कमी की है। आयोग के अध्यक्ष हेमंत कुमार गुप्ता तथा सदस्या अमरजीत कौर ने वाद स्वीकार करते हुए चिकित्सीय लापरवाही व सेवा में कमी से पीड़िता को हुई शारीरिक, मानसिक कष्ट व आर्थिक क्षति के लिए साढ़े आठ लाख रुपये, वाद व्यय के लिए दस हजार रुपये ३० दिन में आयोग में जमा करने व विपक्षी डॉ. पंकज मित्तल मेरठ पर अनुचित व्यापार व्यवहार के लिए एक–एक लाख रुपये का अर्थदण्ड से दंडित किया। डॉ. पंकज मित्तल को अर्थदण्ड के दो लाख रुपये फोरम के खाते में जमा करने के निर्देश दिये।

**शेष : पालिका अध्यक्ष समेत**

खालिद, वार्ड–७ महेश धीमान, वार्ड–१६ सविता, वार्ड–६ राजीव निर्वाल, वार्ड–१४ आसमौहम्मद, वार्ड–१ सुशीला देवी, वार्ड–११ प्रमेन्द्र कुमार, वार्ड–१३ लोकेश सैनी, वार्ड–१० पूनम विश्वकर्मा, वार्ड–६ सायरा बानो, वार्ड–१८ रसीदा, वार्ड–८ रीना निर्वाल, वार्ड–१५ शाहिदा मंसूरी, वार्ड–२० किरण, वार्ड–३ सपन मोहन, वार्ड–२५ मालिनी गर्ग आदि मौजूद रहे।

## छात्रा के मोबाइल में मिले 15 आपत्तिजनक वीडियो

मोहाली, 20 सितंबर (वार्ता)। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी (सीयू) में छात्राओं के आपत्तिजनक वीडियो बनाने की आरोपी छात्रा के मोबाइल फोन से 15 वीडियो और मिले हैं। इनमें किसी का चेहरा तो नजर नहीं आ रहा है लेकिन सभी वीडियो कमर के निचले हिस्से के हैं। एसआईटी आरोपी छात्रा से यह पता लगाने में जुटी है कि यह वीडियो किसके हैं। एसआईटी ने मंगलवार को आरोपियों से साढ़े छह घंटे तक पूछताछ की और 50 से ज्यादा सवाल पूछे। वहीं पुलिस ने दो और युवकों को हिरासत में लिया है। सीयू वीडियो कांड की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, उसमें कई खुलासे हो रहे हैं। रविवार तक पुलिस की ओर से किया जा रहा यह दावा भी दम तोड़ता नजर आ रहा है, जिसमें कहा गया था कि छात्रा के मोबाइल से सिर्फ एक ही वीडियो मिला है। आरोपी छात्रा से मंगलवार को लंबी पूछताछ में एसआईटी को जो महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं, उससे यह मामला सिर्फ बॉयफ्रेंड को वीडियो भेजने तक सीमित नहीं है। डीआईजी रूपनगर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि मामले की जांच में आरोपियों के मोबाइल सबसे महत्वपूर्ण हैं। तीनों आरोपियों के फोन जांच के लिए साइबर सेल भेजे गए हैं। उन्होंने अन्य लड़कियों के भी वीडियो बनने की आशंका भी जाहिर की है। फिलहाल टीम यह जानने में जुटी है कि इसके पीछे कोई बड़ी साजिश तो नहीं है।



## पूर्व आईपीएस अफसरों ने केजरीवाल के अशिष्ट बर्ताव की शिकायत की

नई दिल्ली, 20 सितंबर (वार्ता)। दो दर्जन से अधिक सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारियों ने राष्ट्रपति दौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से पुलिस कर्मियों के साथ उनके अशिष्ट व्यवहार पर सलाह देने का आग्रह किया है। राज्य के कई पूर्व पुलिस प्रमुखों द्वारा हस्ताक्षरित पत्र में केजरीवाल और गुजरात पुलिस के अधिकारियों के बीच हाल ही में राज्य में अपने चुनाव प्रचार के दौरान एक ऑटोरिक्शा की सवारी करने की जिद को लेकर विवाद का हवाला दिया गया है और कहा गया है कि आप नेता के शब्दों और कार्यों ने एक पुलिस बल का अनुचित तमाशा बनाया।